मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024
संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 41, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ कनाडा के क्रेजी प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का पागलपन
बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान का परिवार चिंतित : अरबाज ◀◀ 6

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024

# पहले चरण की 43 विस सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन शुरू

- नामांकन पत्र भरने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर
- 28 अक्टूबर को होगी पर्चों की स्क्रूटनी
- नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर



मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड में पहले चरण के तहत 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी गई। इसके साथ ही उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो रहा है। इस बार नामांकन पत्र ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड में भरे जा सकेंगे।

रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालयों में दिन के 11 से 3 बजे तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। प्रत्येक प्रत्याशी के साथ अधिकतम चार व्यक्ति आरओ चैंबर के अंदर प्रवेश कर पाएंगे। उम्मीदवार अगर रजिस्टर्ड पार्टी का है तो उसके लिए एक मतदाता प्रस्तावक होगा तथा निर्दलीय और गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी के साथ दस प्रस्तावक होने चाहिए। आरओ कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक प्रत्याशी तीन से अधिक वाहन नहीं ला सकता। उम्मीदवार के लिए प्रदेश की किसी भी विधानसभा मतदाता सूची में नाम होना जरूरी है। इच्छुक उम्मीदवार इस बार चुनाव आयोग की ओर से जारी सुविधा ऐप के जरिए नामांकन पत्र ऑनलाइन भी भर सकेंगे।

नामांकन फार्म भरते समय उम्मीदवार को अपनी तीन नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो, शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र की प्रति, चुनाव के लिए खुलवाए गए नए बैंक अकाउंट की कॉपी और एक एफिडेविट देना होगा, जिसे फार्म 26 कहा जाता है। इस शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपनी चल-अचल संपत्ति, ऋण, देनदारी, आपराधिक रिकार्ड का पूर्ण विवरण देना है। उम्मीदवार अपने नए बैंक अकाउंट से चुनाव का सारा लेन-देन का कार्य करेगा। चुनाव का हिसाब-किताब रखने के लिए एक खर्च रजिस्टर उम्मीदवार के पास और एक निर्वाचन कार्यालय में रखा जाएगा। एक प्रत्याशी 40 लाख रुपये इस चुनाव में खर्च कर सकता है। नामांकन के लिए सामान्य उम्मीदवार को दस हजार रुपये और अनुसूचित वर्ग के उम्मीदवार को पांच हजार रुपये की फीस जमा करवानी होगी।

पहले चरण में जिन सीटों पर आज से चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है, उनमें कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर विधानसभा सीट शामिल है।

नामांकन पत्र भरने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है, जबकि पर्चों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित है।

## रांची में पहले चरण में पांच विस क्षेत्रों में होंगे चुनाव




मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। झारखंड में दो चरणों (13 और 20 नवंबर) को चुनाव होने हैं। रांची जिले में पहले चरण में पांच विधानसभा क्षेत्रों (तमाड़, रांची, हटिया, कांके व मांडर) में विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी। रांची डीसी वरुण रंजन से इस संबंध में समाहरणालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर यानी से राज्य में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। पहले चरण के लिए शुक्रवार से झारखंड में 43 सीटों पर नॉमिनेशन की प्रक्रिया होगी। 25 अक्टूबर को पहले चरण के नॉमिनेशन की अंतिम तारीख होगी।

28 अक्टूबर को नॉमिनेशन की स्क्रूटनी की जायेगी। वहीं 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नॉमिनेशन वापस ले सकते हैं। नॉमिनेशन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चलेगी। जनरल प्रत्याशी को 10 हजार और एससी-एसटी को 5 हजार सिक्योरिटी मनी के रूप में जमा करना होगा।

विधानसभा चुनाव 2024 : एनडीए में हुआ सीटों का बंटवारा

## भाजपा-68, आजसू 10, जदयू 2 और लोजपा 1 सीट पर लड़ेगी चुनाव




मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में असम के मुख्यमंत्री व भाजपा झारखंड चुनाव सह-प्रभारी हिमंता विस्व सरमा, शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे। मौके पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में एनडीए की सरकार है। शक्तिशाली भारत का निर्माण मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। केंद्र की मोदी सरकार विकास और शासन का प्रतीक है। कहा कि झारखंड में चुनावी बिगुल बज चुका है। इंडिया गठबंधन की सरकार ने झारखंड को तबाही के रास्ते पर ला दिया है। हमारी कोशिश है कि बेटी, माटी, रोटी और नौजवान सुरक्षित रहे। आजसू 10, जदयू दो और एलजेपी एक सीट पर लड़ेगा चुनावः शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झारखंड में एनडीए मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में बीजेपी,आजसू, जदयू और लोजपा मिलकर चुनाव लड़ेगा। सीट शेयरिंग पर भी चर्चा हो चुकी है। आजसू 10 सीट सिल्ली, रामगढ़, गोमिया, ईचागढ़, मांडू, जुगसलाई, डुमरी, पाकुड़, लोहरदगा और मनोहरपुर से अपना प्रत्याशी उतारेगा। वहीं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) दो सीट तमाड़ और जमशेदपुर पश्चिमी और एलजेपी एक सीट चतरा से चुनाव लड़ेगा। बाकी बचे 68 सीटों पर बीजेपी अपने उम्मीदवार उतारेगी। हिमंता विस्व सरमा ने कहा कि यह चुनाव हम प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए के साथ लड़ेंगे। झारखंड में एनडीए के प्रमुख घटक दल आजसू, जदयू और लोजपा हैं।

## मगध कोल परियोजना कार्य में लगे हाइवा में आगजनी, प्रदीप गंझु के नाम का पर्चा छोड़ा

मेट्रो रेज

**बालूमाथ(लातेहार) :** लातेहार में उग्रवादियों और आपराधिक संगठनों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वे लगातार लेवी के लिए विकास कार्य में लगे वाहनों में आगजनी की घटना को अंजाम देते हैं। एक बार फिर आपराधिक संगठनों ने लेवी की मांग को लेकर बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल परियोजना क्षेत्र में आगजनी की है। अपराधियों ने कोयला ढुलाई में लगे एक हाइवा में आगजनी की है। इस आगजनी में हाइवा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। अपराधियों ने घटनास्थल पर शूटक प्रदीप गंझु के नाम का पर्चा छोड़ा है। बालूमाथ पुलिस को घटनास्थल से पर्चा मिला है। इस पर्चे के जरिये मगध कोलियरी में काम करने वाले सभी कोयला व्यवसायी, रेलवे ठेकेदार, कोयला लिफ्टर को मैनेज करने की चेतावनी दी गयी है।



झारखंड विस चुनाव 2024

## पहले चरण में 43 सीटों पर 100+ आयु के 900 से अधिक मतदाता

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हो चुका है। 13 नवंबर को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में होने वाले मतदान में 43 निर्वाचन क्षेत्रों में 100 से अधिक उम्र वालें 900 से अधिक मतदाता शामिल हैं, जिसमें 533 महिला मतदाता हैं। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। झारखंड विधानसभा चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होंगे, जबकि नतीजे 23 नवंबर को जारी होंगे।

अधिकारी ने कहा, 13 नवंबर को पहले चरण के मतदान में 100 साल से ज्यादा उम्र वाले 995 मतदाता वोट डालने के पात्र हैं। उनमें से 462 पुरुष और 533 महिलाएं शामिल हैं। मतदाता सूची के अनुसार, झारखंड में 2.60 करोड़ मतदाता हैं, उनमें से 1.13 लाख मतदाता 85 साल से ज्यादा के हैं। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि मतदान केंद्र पर बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

### दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध



**दिव्यांगों और बुजुर्गों को दी जाएंगी विशेष सुविधाएं :** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अनुसार, झारखंड में सभी मतदान केंद्र ग्राउंड फ्लोर पर है। इसके अलावा दिव्यांगों और व्हीलचेयर वाले वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए उचित ढाल वाले रैंप की व्यवस्था की गई है। चुनाव आयोग ने निर्देश दिया कि एक विधानसभा क्षेत्र में सभी दिव्यांग और वरिष्ठ व्यक्तियों की पहचान की जाए और उन्हें संबंधित मतदान केंद्रों पर टैग करके आवश्यक सुविधा दी जाए। अधिकारियों को प्रत्येक मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए उचित परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**25 अक्तूबर तक दाखिल कर सकते हैं नामांकनः** झारखंड की 43 विधानसभा सीटों पर पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू होगी और 25 अक्तूबर तक जारी रहेगा। कुल 2.60 करोड़ मतदाताओं में 11.84 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। वहीं 1.13 लाख मतदाताओं में दिव्यांग, 85 साल से अधिक उम्र वाले और थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

एनडीए गठबंधन को बड़ा झटका

## बीजेपी और आजसू के दो नेता आज थामेंगे झामुमो का दामन

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। दरअसल चंदनकियारी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने आजसू की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के मुताबिक अब वे झामुमो का दामन थामने वाले हैं। इसके अलावा जमुआ से वर्तमान विधायक केदार हाजरा भी आज झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर लेंगे।

**उमाकांत रजक ने कुछ दिन पहले ही सीएम हेमंत से की थी मुलाकात :** ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही आजसू के पूर्व विधायक उमाकांत रजक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। उसके बाद से ही ये कयास लगाये जा रहे थे कि वो जल्द ही झामुमो का दामन थामने वाले हैं। साल 2009 में वे चंदनकियारी से चुनाव लड़े थे। उस वक्त उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अमर बाउरी को हराया था। अमर बाउरी फिलहाल नेता प्रतिपक्ष हैं। साल 2019 के चुनाव में उन्होंने 9,211 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी।



**कौन हैं केदार हाजरा :** केदार हाजरा भाजपा की जमुआ सीट से तीन बार के विधायक हैं। साल 2019 के चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की मंजू कुमारी को 18 हजार से अधिक वोटों से हराया था। लेकिन मंजू कुमारी ने हाल ही में अपने पिता के साथ बीजेपी का दामन थाम लिया। जिसके बाद से ही ये चर्चा तेज हो गयी थी वर्तमान सीटिंग विधायक का टिकट बीजेपी काट सकती है। झारखंड गठन के बाद से केदार हाजरा बीजेपी की टिकट पर साल 2019, 2014 और 2005 में चुनाव जीत चुके हैं।

# दिल्ली में छाई धुंध, 'खराब' श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई, दिल्ली सरकार ने बुलाई आपात बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राजधानी में प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार एक्शन मोड में है। सभी 13 हॉटस्पॉट में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की आपातकालीन बैठक बुलाई है।

उधर, आनंद विहार में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण मंत्री ने प्रदूषण से प्रभावित 13 क्षेत्रों में जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, ट्रांसपोर्ट विभाग, ट्रैफिक पुलिस समेत अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए 21 फोकस प्वाइंट पर आधारित विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी। विंटर एक्शन प्लान के तहत विभागों ने अपना काम शुरू कर दिया है। प्रदूषण की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए दिल्ली में वार रूम ने काम करना शुरू कर दिया है। पराली को गलाने के लिए बायो-डिकम्पोजर का छिड़काव भी शुरू हो गया है।



साथ ही दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइटों पर धूल को नियंत्रित करने के लिए एंटी डस्ट कैंपेन शुरू किया है। सभी 13 हॉटस्पॉट पर ग्रीन वार रूम से विशेष ध्यान रखा जा रहा है। संबंधित विभाग को वहां से भी निर्देश दिया जा रहा है। डीपीसीसी की टीम हॉटस्पॉट का लगातार दौरा कर रही है। उधर, आज सुबह इंडिया गेट और आसपास के इलाकों में कोहरे की परत छाई दिखाई दी। यहां एक्यूआई गिरकर 270 पर पहुंच गया है। जिसे 'खराब' श्रेणी में रखा गया है।

## दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के साथ यमुना का पानी हुआ जहरीला, हर तरफ फैला सफेद झाग

दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बार फिर से बढ़ने लगा है। बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच ही शुक्रवार को कालिंदी कुंज इलाके में यमुना नदी में जहरीला झाग देखने को मिला है। राष्ट्रीय राजधानी का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह 8 बजे 'खराब' श्रेणी में 293 तक गिर जाने के बाद, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अब आम आदमी पार्टी (आप) और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ तीखा हमला किया है और कहा है कि आप का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है और वह इस मुद्दे पर केवल आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलती है। पिछले 10 सालों से दिल्ली में काबिज आप सरकार का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है... प्रदूषण फिर से खतरनाक होता जा रहा है। नदी और हवा प्रदूषित हो रही है। लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यह तो बस शुरूआत है... 4-5 महीने बाद चुनाव हैं, मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली को फिर से दिल्ली बनाने के लिए भाजपा को मौका दें... आप सरकार तब जागती है जब कोई समस्या होती है। दिल्ली की समस्याएं उस दिन हल हो जाएंगी जिस दिन वे समस्या आने से पहले जागना शुरू कर देंगे... भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी जहरीली गैस चैंबर बनती जा रही है और इसके लिए उन्होंने आप को जिम्मेदार ठहराया। दिल्ली अब तेजी से जहरीली गैस चैंबर बनती जा रही है और इसके लिए अअढ की आरोप-प्रत्यारोप की प्रदूषित राजनीति ज़िम्मेदार है। पंजाब में पराली जलाने का क्या हुआ, जिसे अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण का मुख्य कारण बताया था?... बायो डीकंपोजर का क्या हुआ? पराली जलाना तो शुरू हो ही गया है। अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार ने पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया। आपने दिवाली पर हिंदुओं के खिलाफ कदम उठाया, लेकिन प्रदूषण के इन कारणों का क्या, जो मुख्य कारण हैं? पंजाब में पराली जलाने के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, शहजाद पूनावाला ने कहा।



## न्यूज ब्रीफ

### मधुकरपुर के संत मेरीज स्कूल में होती है कंप्यूटर की कक्षाएं



**कसमार:** आधुनिक शिक्षा की आपा धापी में कंप्यूटर शिक्षा का कितना महत्व है सभी को पता है। आज सभी जगह कंप्यूटर से ही कार्य संपादित होते हैं। बिना कंप्यूटर कोई भी काम नहीं होता। ऐसे में कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक हो जाता है। शहरों के प्राइवेट स्कूलों में कंप्यूटर की शिक्षा कोई नई बात नहीं है पर गांव में कंप्यूटर शिक्षा की महत्ता को ध्यान में रखते हुए कसमार प्रखंड के मधुकरपुर में संचालित निजी स्कूल संत मेरीज स्कूल में प्राथमिक क्लास के बच्चों को प्रारंभ से ही कंप्यूटर की शिक्षा दी जा रही है। स्कूल के प्रिंसिपल चंदन कुमार तिवारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा प्रारंभिक कक्षा के बच्चे कंप्यूटर चलाने में काफी उत्सुकता दिखाते हैं, वे काफी लगन के साथ सीखने का प्रयास करते हैं। श्री चंदन कुमार ने बताया कि शुरूआती कक्षा के बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा देने से आगे कंप्यूटर संबंधी जटिलताओं को समझने में उन्हें बहुत मदद मिलेगी। वो आसानी से आगे की पढ़ाई कर पाएंगे। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए गांव देहात के बच्चों को शुरू से ही कंप्यूटर की शिक्षा विद्यालय में दी जा रही है। शहर के स्कूलों में तो कंप्यूटर की शिक्षा कोई नई बात नहीं। मधुकरपुर स्थित संत मरीज स्कूल में नर्सरी से लेकर आठवीं तक के बच्चों की पढ़ाई की जाती है।

### मंईयां सम्मान योजना की आवेदिकाओं का सीओ ऑफिस में हंगामा




**धनबाद:** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य भर में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। आचार संहिता के बीच झारखण्ड मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में आपाधापी मची है। धनबाद अंचल कार्यालय में गुरुवार को मंईयां सम्मान योजना की आवेदिकाओं की लंबी कतार लग गई। आवेदिकाओं में अधिकतर ऐसी महिलाएं थीं, जो पिछले तीन माह से कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। बावजूद इसके इनके खाते में अभी तक योजना की राशि नहीं पहुंची है। इस कारण ये महिलाएं भी अधिकारियों से यह जानने पहुंची थीं कि आखिर किस वजह से योजना की राशि उन्हें नहीं मिल रही है। लेकिन, कार्यालय में कोई पदाधिकारी नहीं रहने से महिलाएं भड़क गईं और जमकर हंगामा किया। बाद में उन्हें किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया गया। दरअसल आचार संहिता लागू होने की वजह से अब उन्हें योजना का लाभ मिल पाएगा भी या नहीं, महिलाएं इसी उलझन में हैं। कतार में खडी आवेदिका खुशबू देवी, वीणा देवी, नीतू देवी ने बताया कि आवेदन जमा किए महीनों बीत गए, पर अभी तक खाते में पैसा नहीं पहुंचा। कार्यालय आने पर कोई भी पदाधिकारी मौजूद नहीं है। ऐसे में उनके आवेदन क्यों रुके हुए हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### बरवाअड्डा में झाड़ियों से सड़ा-गला शव बरामद

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा जमुआ गांव के पास खेत में उगी झाड़ियों में गुरुवार को एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया गया. ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना बरवाअड्डा थाना को दी. थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. खबर फैलते ही वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. शव की पहचान नहीं हो पाई है. ग्रामीणों का कहना है कि उक्त व्यक्ति की दूसरी जगह हत्या कर शव यहां लाकर झाड़ियों में फेंक दिया गया है. थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा.

### टुंडी से राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा की प्रत्याशी होंगी कलावती

**धनबाद :** टुंडी विधानसभा क्षेत्र से कलावती देवी राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा की प्रत्याशी होंगी. यह जानकारी राजमो के केन्द्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी ने गुरुवार को तोपचांची में आयोजित प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि राजमो झारखंड की चार सीटों टुंडी, डुमरी, बगोदर व मांडू से चुनाव लडेगा. महिला के सम्मान में इस बार कलावती देवी को टुंडी विधानसभा से उम्मीदवार बनाया गया है. उन्होंने कहा कि सूर्य सिंह बेसरा के नेतृत्व में बने तीसरा मोर्चा में राजमो भी शामिल है. कलावती देवी ने अपनी जीत के प्रति आश्वस्त करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ो, महिलाओं व सभी जाति के गरीबों को उनका अधिकार दिलाने के लिए वह मैदान में उतरी हैं. प्रेसवार्ता में मोर्चा के महासचिव अशोक कुमार जैन, गुलाम रब्बानी, मुस्ताक कलाकार, मो. जमाल अंसारी, मो. मुनाजिर हसन मौजूद थे.

### गोमिया विधायक डॉ लंबोदर ने सोनपुरा व दांतू में किया जनसंपर्क

**बोकारो :** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को कसमार प्रखंड की सोनपुरा व दांतू पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने सोनपुरा पंचायत के खूंटा, सोनपुरा, सोनहर, बांधघुटु, सिलीसाड़म, पिरवाटांड़, पिपराडीह, परसाटांड़, पुरनाडीह व दांतू में भ्रमण कर ग्रामीणों का आशीर्वाद लिया. कहा कि पांच साल में उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई छोटे-बड़े कार्य किये हैं. उन्होंने जनता से इस विधानसभा चुनाव में एक बार फिरद आजसू पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की. मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, सोनपुरा मुखिया चंद्रशेखर हेम्ब्रम, दांतू मुखिया चंद्रशेखर नायक, अरविंद सिंह, सुमित कुमार महतो, संदीप महतो समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

# मुड़मा जतरा को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी, अधिसूचना जारी

### एनएच 39 का रूट किया गया डायवर्ट



**मांडर :** मांडर स्थित मुड़मा में 18 और 19 अक्टूबर को लगने वाले दो दिवसीय मुड़मा जतरा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। वहीं एनएच39 से आने जाने वालों के लिए प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर रूट डायवर्ट कर दिया है। रांची आनेजाने वाले हो जाए अलर्ट कल 18 अक्टूबर सुबह 9:00 बजे से रूट डायवर्ट रहेगा।
रांची जाने वाले मांडर से बुढ़मू ठाकुरगांव होते हुए कांठीटांड़ होते हुए जा सकते हैं । वहीं आनेवाले लोग नगड़ी से बेड़ो टाँगरबसली होते हुए मांडर आ सकते हैं। रूट डायवर्ट का मैप जारी कर दिया गया है। वहीं मेला में निगरानी को लेकर 9 वॉच टावर सहित 15 सीसीटीवी लगाया गया है। सुरक्षा को लेकर लगभग 500 की संख्या में पुलिस बल तैनात है। वहीं संभावना है कि 18 अक्टूबर को 3 बजे उद्घाटन समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हो सकते हैं।
मेला आने वाले लोगों के लिए प्रशासन की ओर से सूचना
- सावधान सतर्क एवं सुरक्षित रहते हुए मेला का आनंद ले
- बच्चों के पॉकेट में पहचान पत्र जरूर रखें
-अफवाह से दूर रहे तथा किसी भी प्रकार का समस्या होने पर मेला में बनाए गए नियंत्रण कक्ष में संपर्क करें अथवा प्रखंड विकास पदाधिकारी /थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क करें।
-विधानसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त राज्य में लागू आदर्श आचार संहिता का भी अवश्य ध्यान रखें।

### 13 दिवसीय कमर्शियल हार्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त

मुरीः गुरूवार को श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। मुख्य अतिथि केनरा बैंक सिल्ली के शाखा प्रबंधक राजू उरांव उपस्थित हुए । राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर स्वरोजगार और बैंक से जुड़ने का संदेश दिया गया । रुडसेट संस्थान के निर्देशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपने जीवन को कैसे बेहतर बना सकते ये आप के ऊपर निर्भर करता है । आप अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करें । मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो,महेश रोहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## ग्रिजली विद्यालय का सीबीएसई ईस्ट जोन योगासन का शानदार प्रदर्शन

मेट्रो रेज संवाददाता




**कोडरमाः** ग्रिजली विद्यालय नें गुरुनानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राँची में आयोजित सी बीएसई ईस्ट जोन योगासना चैंपियनशिप 2024- 25 में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभाशाली छात्रो नें उत्कृष्ट कौशल और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीते। 14 वर्ष से कम उम्र के प्रतिभागियों की श्रेणी में लव कुमार शर्मा, शुभम कुमार राणा, रोहन कुमार, आदित्य कुमार सिंह, नें ओवर ऑल दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। व्यक्तिगत उत्कृष्टता व अपने असाधारण प्रतिभा को उजागर करते हुए, 14 वर्ष से कम एकल कलात्मक श्रेणी में लव कुमार शर्मा नें स्वर्ण पदक भी जीता। 19 वर्ष से कम उम्र की एकल कलात्मक श्रेणी में नवनीत पटेल चौथे स्थान पर जबकि ओम कुमार पाँचवे स्थान पर जगह बनाई। साथ ही साथ प्रतियोगिता में शामिल ग्रिजली विद्यालय के सभी प्रतिभागियों नें 14 व 19 वर्ष से कम एकल लयबद्ध और कलात्मक श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर के लिये क्वालीफाई किया। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता और प्राचार्या अंजना कुमारी नें सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और बताया कि ऐसी उपलब्धियाँ अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर ही अर्जित की जा सकती है। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, सीओओ तनिष्क सेठ, प्रशाषक अशरफ खान संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चौधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चौधरी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अमित दास सभी नें सफल छात्रों एवं उनके कोच उमेश विश्वकर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बोकारो के आलोक वर्मा होंगे राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक

मेट्रो रेज संवाददाता




**बोकारो :** बोकारो में जन्मे और यहीं पले-बढ़े आलोक वर्मा का चयन स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के राउरकेला स्टील प्लांट के नए डायरेक्टर इंचार्ज के पद पर किया गया है। आलोक वर्मा सेंट जेवियर स्कूल, बोकारो के 1985 बैच के छात्र रहे हैं। फिलहाल वह राउरकेला स्टील प्लांट में ईडी माइंस (ईडी वर्क्स का अतिरिक्त प्रभार) के पद पर कार्यरत हैं। राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक पद पर उनके नाम का चयन पीएसईबी ने कर लिया है। केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी और राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद वह नए पर ज्वाइन करेंगे। राउरकेला स्टील प्लांट के मौजूदा डीआईसी अतनु भौमिक आगामी 31 दिसंबर को रिटायर हो रहे हैं। ज्ञात हो कि आलोक वर्मा दो साल पहले बीएसएल से प्रमोट होकर राउरकेला स्टील प्लांट में ईडी माइंस के पद पर ट्रांसफर हुए थे। सितंबर में ईडी वर्क्स एसआर सूर्यवंशी के रिटायरमेंट के बाद इन्हें ईडी माइंस के साथ ईडी वर्क्स का अतिरिक्त चार्ज दिया गया। आलोक वर्मा ने अपने कॅरियर की शुरूआत बोकारो स्टील प्लांट से ही की थी। वह बीएसएल में हॉट स्ट्रिप मिल में सीजीएम थे। इसके पहले सीआरएम में भी कार्य कर चुके हैं। बीएसएल में उनकी सेवा का ज्यादातर समय एचएसएम में ही बीता है।
ज्ञात हो कि सेल के राउरकेला स्टील प्लांट में प्रभारी निदेशक के पद के लिए हुए इंटरव्यू में दुगार्पुर स्टील प्लांट के कार्यकारी निदेशक (मिश्र धातु) एस सुब्बाराज, दुगार्पुर स्टील प्लांट के ही कार्यकारी निदेशक (परियोजनाएं) पी। मुरुगेसन व बोकारो स्टील प्लांट के कार्यकारी निदेशक परियोजनाएं (सामग्री प्रबंधन का अतिरिक्त प्रभार) चित्तरंजन महापात्रा शामिल थे।

## जकात फंड बनाएगा मॉर्निंग ग्रुप



**रांचीः** मॉर्निंग ग्रुप रांची की वार्षिक बैठक आज 18 अक्टूबर को लालपुर स्तिथ होटल रैन डीव में हुई । जिसकी अध्यक्षता मॉर्निंग ग्रुप के सरपरस्त विजय साहू ने किया। सबसे पहले मॉर्निंग ग्रुप के सचिव ने पिछले साल (2023 /24) का लेखा जोखा कमिटी के सम्मानित सदस्यों के सामने रखा जिसे आम सहमति से पास कर दिया गया इसी के साथ मॉर्निंग ग्रुप के अध्यक्ष अकिल उर रहमान ने आने वाले वर्षों में मॉर्निंग ग्रुप के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया कि आगामी 11नवंबर जो कि भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के नाम से कराए जाने वाले बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन लगातार चौथे वर्ष भी किया जाएगा। इसके बाद जनवरी महीने में दूसरे शब्बीर आजाद मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट का भी आयोजन किया जाएगा वहीं मॉर्निंग ग्रुप के मुख्य सरपरस्त मोहम्मद हलीमुद्दीन ने कहा कि समाज में गरीब बेसहारा लोगों के लिए जकात फंड बनाने की बात कही जिसे सभी के सहमति से पास कर दिया गया जिसकी एक कमिटी बनाई गई जो जकात फंड जमा करेगी और वैसे लोगों को चिन्हित कर उनकी सहायता करेगी जो इसके हकदार होंगे,इस कमिटी की जिम्मेदारी इकबाल अंसारी,नफीसुल आब्दीन,हसन सैफी प्रिंस और नेहाल अहमद को दी गई ,आज की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए विजय साहू ने कहा कि मॉर्निंग ग्रुप रांची का ऐसा ग्रुप है जिसमें धर्म और जात पात का भेद खत्म करके सभी को एक धागे में पिरोने का काम कर रही है यही वजह है कि इस ग्रुप में खेल की भावना के साथ साथ समाज की सेवा की भावना लिए लोग जुड़ते जा रहे है उन्होंने आगे कहा कि मैं इस ग्रुप से जुड़ कर अपने आप को गौरांवित महसूस करता हूं इस ग्रुप के सभी साथी चाहे वो जिस उम्र को हो जरूरत मन्दों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं इस मौके पर आए हुए सभी का धन्यवाद करते हुए नेहाल अहमद ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे बगैर किसी भेद भाव के करना हमारा प्रयास होगा।
मौके पर शमी आजाद,मुस्तकीम आलम, यूनुस खान, परवेज खान, अब्दुल मन्नान, अब्दुल खालिक नन्हू,अतीक अहमद कुस्सु,मो इरशाद,मो शरफराज पहाड़ी टोला, इकराम कुरैशी, शारफुल खान,मो नईम कंसारिया,मो मकबूल, असजद खान,मो इमरान,सैयद इमाद अहमद,के अलावा सभी मेंबर मौजूद थे,

## नीरज हत्याकांड में डब्लू मिश्रा को हाईकोर्ट से मिली जमानत



धनबादः धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में जेल में बंद डब्लू मिश्रा उर्फ डब्लू गिरि उर्फ राकेश कुमार मिश्रा को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। डब्लू मिश्रा 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद था। उस पर शूटरों को शरण देने का आरोप है। डब्लू मिश्रा के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में डब्लू मिश्रा की जमानत अर्जी लंबित थी। इससे पहले रिंकू सिंह को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिली थी, लेकिन उसका केस अन्य आरोपियों से अलग चल रहा था। जबकि पिंटू सिंह को जमानत सुप्रीम कोर्ट से मिली है। इस तरह इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की जमानत हो चुकी है। ज्ञात हो कि नीरज हत्याकांड में डब्लू मिश्रा के अपराध स्वीकारोक्ति बयान में झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह का नाम आया था। डब्लू मिश्रा ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में कहा था कि रंजय सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए नीरज सिंह की हत्या की गई थी जिसमें संजीव सिंह भी शामिल थे।

## नाड़ीशोधन प्राणायाम डेंगू से बचाव में सहयोगी : योगाचार्य महेश पाल



रांचीः वर्तमान समय में डेंगू ज्वर का प्रकोप बहुत तेजी से फैल रहा है, 2024 के बीच तक, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को 7।6 मिलियन से अधिक डेंगू के मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इनमें से 3।4 मिलियन मामलों की पुष्टि की गई हैं, योगाचार्य महेश पाल बताते हैं कि डेंगू बुखार एक कष्टदायक शरीर को दुर्बल करने वाला मच्छर जनित रोग है और जो लोग दूसरी बार डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं उनमें गंभीर बीमारी विकसित होने का काफी अधिक जोखिम होता है। डेंगू, जिसे 'ट्रॉपिकल फ्लू' के नाम से भी जाना जाता है,यह वायरस एडीज प्रजाति के मच्छरों द्वारा फैलता डेंगू बुखार मुख्य रूप से संक्रमित एडीज मच्छरों के काटने से फैलता है , जिसमें ए एजिप्टी और ए। एल्बोपिक्टस मच्छर शामिल हैं। मच्छर तब संक्रमित होता है जब वह किसी ऐसे व्यक्ति को काटता है जिसके खून में डेंगू है। लगभग एक सप्ताह के बाद, मच्छर काटने पर बीमारी को दूसरे व्यक्ति में फैलाने में सक्षम होता है। एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में डेंगू का सीधा प्रसार नहीं होता डेंगू बुखार में प्लेटलेट्स की संख्या कम हो जाती है क्योंकि रक्त कोशिकाएं वायरस से प्रभावित होती हैं जो प्लेटलेट्स को नुकसान पहुँचती है इस चरण के दौरान उत्पादित एंटीबॉडी डेंगू बुखार के दौरान बड़ी संख्या में प्लेटलेट्स को नष्ट कर देती प्लेटलेट्स अस्थि मज्जा में ब्लड सेल्स हैं। स्वस्थ व्यक्ति में 1।।5 लाख से 4 लाख तक ब्लड प्लेटलेट्स होते हैं, लेकिन डेंगू होने पर इनकी संख्या तेजी से गिर जाती है। जिसके चलते मरीज की इम्युनिटी काफी कमजोर हो जाती है। डेंगू में प्लेटलेट्स गिरकर 60 हजार तक पहुंच जाते हैं, डब्ल्यू(विश्व स्वास्थ्य संगठन) के अनुसार, थ्रोम्बोसाइटोपेनिया को बीमारी की गंभीरता का आकलन करने के लिए एक मानदंड माना जाता है। थ्रोम्बोसाइटोपेनिया को प्लेटलेट काउंट में तेजी से गिरावट या 150,000/3 से कम प्लेटलेट काउंट के रूप में परिभाषित किया जाता थ्रोम्बोसाइटोपेनिक पपुर्रा एक प्रतिरक्षा संबंधी बीमारी है। एंटी-प्लेटलेट एंटीबॉडी के कारण प्लीहा में प्लेटलेट्स नष्ट हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप रक्त में प्लेटलेट्स की संख्या में कमी आती है, शरीर में हल्का सा प्रभाव होने पर आसानी से खून बहने लगता है। डेंगू बुखार के लक्षण आमतौर पर संक्रमित होने के पहले हफ़्ते में ही दिखने लगते हैं जिसमें ,अचानक बहुत तेज बुखार, जी मिचलाना, त्वचा पर लाल चकत्ते,भयंकर सरदर्द, पेट में तेज दर्द, लगातार उल्टी,आँखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, या ऐंठन, नाक या मसूड़ों से खून आना,तेजी से सांस चलना आदि लक्षण नजर आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह ले चिकित्सा प्रारंभ कर दे उसके पश्चात सहयोगी चिकित्सा के रूप में आसन प्राणायाम का धीरे-धीरे अभ्यास कर सकते हैं जिसमें, सर्वांगासन, मत्स्यासन, पश्चिमोतानासन, नाड़ीशोधन प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, के साथ साथ तुलसी+गिलोय का अर्क एवं पपीते के पत्तों का जूस काफी लाभदायक सिद्ध होता है, डेंगू बुखार तेज होने पर एवं अत्यधिक प्लेटलेट्स की संख्या गिरने पर आसन का अभ्यास नही करना चाहिए केवल नाड़ी शोधन प्राणायाम का अभ्यास धीरे धीरे कर सकते हैं, नाड़ी शोधन प्राणायाम प्रतिरक्षा प्रणाली को स्ट्रांग बनता है एवं रक्त कोशिकाओं को डेंगू वायरस से प्रभावित होने से बचाने मैं सहयोग करता है, नाड़ी शोधन प्राणायाम के अभ्यास 1:4:2 के अनुपात के साथ किया जाता है, अभ्यास के लिए सुखासन में बैठ जाए दोनों हाथों को ज्ञान मुद्रा में रखें फिर बांयी नासिक से सांस 12 काउंटिंग के साथ ले फिर 48 काउंटिंग तक होल्ड करें फिर 24 काउंट के द्वारा दांयी से छोड़ दें फिर दांयी नासिका से सांस ले बांयी से छोड़ दें इस तरह 5 मिनट तक कर सकते हैं ,डेंगू ज्वर एवं अन्य बीमारियों से बचाव के लिए योग एक अत्यंत लाभकारी उपाय है। नियमित योगाभ्यास से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है और शरीर के अंगों की कार्यक्षमता में सुधार होता है। योग आसनों से रक्त संचार बेहतर होता है, तनाव कम होता है, और मानसिक संतुलन बना रहता है। योग जीवनशैली को स्वस्थ बनाता है और आत्म-संयम को बढ़ाता है, जिससे समग्र स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। साथ ही हमारी इम्युनिटी भी बूस्ट होती है जिससे हम डेंगू जैसी कई बीमारियों से बच सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गैंगस्टर अमन साहू के शूटर राहुल दुबे को हाईकोर्ट से मिली बेल




**रांची :** अमन साहू गैंग के शूटर राहुल दुबे को झारखंड हाईकोर्ट कोर्ट ने बेल दे दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट ने 25-25 हजार के दो निजी मुचलकों पर उसे बेल दी है। राहुल दुबे को ओरमांझी में भारत माला प्रोजेक्ट की साइट पर लेवी के लिए फायरिंग करने के आरोप में रांची पुलिस ने इसी वर्ष अप्रेल महीने में हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसकी गिरफ्तारी ओरमांझी थाना क्षेत्र से हुई थी। इसके बाद राहुल दुबे ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल पर रामगढ़, रांची और हजारीबाग जिले में एक दर्जन से ज्यादा संगीन मामले दर्ज हैं। आरोपी की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की।

### रेलवे ने अग्रीम आरक्षण अवधि की वर्तमान समय-सीमा को घटाकर 60 दिन किया

रांचीः भारतीय रेलवे ने अग्रीम आरक्षण अवधि की वर्तमान समय-सीमा को 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया है, जो आगामी 1 नवम्बर से प्रभावी होगा, इसमें यात्रा की तारीख शामिल नहीं है। रेल मंत्रालय ने वास्तविक यात्रियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय यात्रियों द्वारा ट्रेन में बुकिंग के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) में इस बदलाव की घोषणा की है। इस निर्णय से रेलवे बोर्ड को देश में रेल यात्रा की वास्तविक मांग की जानकारी में सुधार करने में मदद मिलेगी। यह जानकारी मिल रही थी कि 61 से 120 दिन की अवधि के लिए कराए गए लगभग 21 प्रतिशत आरक्षण रद्द किए जा रहे थे। इसके अलावा, 5 प्रतिशत यात्री ऐसे भी थे जो न तो अपनी टिकट रद्द कर रहे थे और न ही यात्रा कर रहे थे। टिकट उपलब्ध नहीं दिखने की प्रवृत्ति भी इस निर्णय के पीछे के कारकों में से एक था, क्योंकि इससे भारतीय रेलवे को पीक सीजन के दौरान विशेष ट्रेनों की बेहतर योजना बनाने में मदद करेगी। इस निर्णय का उद्देश्य वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट उपलब्धता में सुधार करना और टिकट रद्दीकरण तथा नो शो की घटनाओं में कमी लाना है, जिसके कारण आरक्षित बर्थ की बबार्दी होती है। आरक्षण रुझानों और यात्रियों की यात्रा की अनिश्चितता के आधार पर, भारतीय रेलवे अपनी एआरपी नीति में बदलाव करता रहता है। ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस जैसी कुछ दिन वाली एक्सप्रेस ट्रेनें अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा का पालन करना जारी रखेंगी जबकि विदेशी पर्यटकों के लिए 365-दिवसीय एआरपी सीमा में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। 31 अक्टूबर, 2024 से पहले 120-दिवसीय एआरपी के अंतर्गत की गई सभी मौजूदा बुकिंग मान्य होगी। 60 दिनों के नए एआरपी से अलग किए गए आरक्षण अभी भी रद्दीकरण के लिए पात्र होंगे। एआरपी में कमी होने के साथ, यात्रियों को अब एक बार फिर अपनी यात्रा योजनाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, जिससे वर्तमान 21 प्रतिशत रद्दीकरण दर में कमी आएगी। अग्रिम आरक्षण अवधि के इस महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय को पिछली बार 01 जनवरी, 2015 से 60 दिन से बढ़ाकर 120 दिन कर दिया गया था। इससे पहले, यह अवधि 30 दिनों तक थी। नई नीति का उद्देश्य यात्रियों द्वारा टिकट रद्दीकरण किए बिना यात्रा न करने की समस्या से निपटना है, जो अक्सर प्रतिरूपण और धोखाधड़ी का कारण बनता है। भारतीय रेलवे सभी यात्रियों से इस बदलाव के बारे में जानकार रहने का आग्रह करता है और अपनी यात्रा योजना सुनिश्चित करने के लिए संशोधित एआरपी के अंतर्गत शीघ्र बुकिंग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 60 दिन की बुकिंग अवधि होने से टिकट जमाखोरी में कमी आने की संभावना है, जिससे वास्तविक यात्रियों के लिए ज्यादा टिकट उपलब्ध हो सकेंगे।

### मालगाड़ी से कटकर व्यक्ति की मौत

**बोकारो:** बोकारो थर्मल-गोमिया रेलखंड मार्ग पर शुक्रवार की अहले सुबह पांच बजे हजारी पंचायत अंतर्गत गैरमजरुआ गांव के समीप रेलवे लाइन पर 58 वर्षीय महेंद्र राम की कटकर मौत हो गई. घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह पांच बजे महेंद्र राम रेलवे लाइन के किनारे शौच करने के लिए गये थे. इसी क्रम में उक्त रेलखंड के अप एवं डाऊन दोनों लाइन पर एक मालगाड़ी और एक चार बोगी का इंस्पेक्शन रेल गुजर रही थी, जिसकी चपेट में आकर मालगाड़ी से पोल संख्या 44/31 एवं 44/33 के बीच कटकर घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. परिजनों ने शव की शिनाख्त उसके कपड़े से की। घटना के बाद गांव का माहौल काफी गमगीन हो गया है. मृतक का एक ही पुत्र मुकेश राम है जो कि मुंबई में कार्यरत है. इसके अलावा मृतक अपने पीछे छह पुत्री एवं पत्नी छोड़ गये हैं. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. घटना की सूचना पाकर हजारी पंचायत के पूर्व मुखिया चंद्रदेव पासवान, आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, गब्बर राम, शंभू राम, सुंदरलाल राम, राजेन्द्र राम सहित गोमिया जीआरपी थाना प्रभारी भीम राम, गोमिया थाना के अवर निरीक्षक मनीष कुमार अन्य पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर तेनुघाट शव का पोस्टमार्टम करवाने भेज दिया है.

दिवाली-छठ पर आतिशबाजी को लेकर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जारी किया दिशा-निर्देश

# सिर्फ दो घंटे आतिशबाजी की इजाजत पटाखों की बिक्री को लेकर निर्देश जारी

मेंट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दीपावली, छठ और गुरु पर्व पर आतिशबाजी के लिए समय निर्धारित कर दी है। इन तीनों पर्व पर दो घंटे तक आतिशबाजी की जा सकेगी, जबकि क्रिसमस और न्यू ईयर पर मात्र 35 मिनट तक आतिशबाजी करने का समय तय किया गया है। बोर्ड द्वारा तैयार दिशा-निर्देश के अनुसार, दीपावली की रात को आठ बजे से दस बजे तक ही पटाखे चलाने की इजाजत होगी। छठ के दिन सुबह छह से आठ, गुरु पर्व पर रात आठ से दस और क्रिसमस व नये साल पर 31 दिसंबर की रात 11 बजकर 55 मिनट से 12:30 बजे तक आतिशबाजी की अनुमति होगी।



125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की बिक्री की इजाजतः झारखंड हाईकोर्ट ने भी 16 अक्टूबर को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान रांची में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती से रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायतें दर्ज कराने वालों के नाम हर हाल में गोपनीय रखे जायें। इस मामले में कोर्ट ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी निर्देश जारी किया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से पारित आदेश के आलोक में आतिशबाजी के लिए मापदंड निर्धारित किये हैं। झारखंड के उन शहरों में जहां वायु गुणवत्ता का स्तर अच्छा या संतोषप्रद है, वहां निर्धारित समय पर ही पटाखे चलाये जा सकेंगे। पटाखों की बिक्री को लेकर भी निर्देश जारी किये गये हैं। दिशा-निर्देश के अनुसार, राज्य में 125 डेसिबल से कम क्षमता वाले पटाखों की ही बिक्री की जा सकेगी। साइलेंट जोन में 100 मीटर की परिधि में आतिशबाजी और पटाखे चलाने पर रोक रहेगी। निदेशों का उल्लंघन करने वालों पर वायु प्रदूषण निवारण नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसे लेकर राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों को भी पत्र लिखा गया है।

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता समाप्त, हेसमी मांडर ने मारी बाजी



मेट्रो रेज

**रांची:** आया तूफान गोली क्लब,थाना चंदवा,जिला लातेहार के तत्वावधान मे तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आया तूफान गोली फुटबॉल मैदान में संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रुप में समाजसेवी जोगिंदर उरांव(रांची),छात्र क्लब कला संस्कृति एवं खेलकूद मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप)के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा(रांची),लाघुप पंचायत मुखिया बिफई मुंडा,लाधूप पंचायत समिति बुधन गंझू,आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष अवधेश उरांव (लोहरदगा)व अन्य मौजूद थे।

**आज के फाइनल मैच में :** हेसमी मांडर एक गोल मारकर विजेता बनी। मैन ऑफ द सीरीज हेसमी मांडर के रोहित कच्छप को रेंजर साइकिल,मैन ऑफ द मैच स्टूडेंट कोचिंग सेंटर कुड्डु के राहुल उरांव को स्टैंड पंखा मिला।

### साथ ही निम्नलिखित टीम ने बाजी मारी

- प्रथम पुरस्कार हेसमी मांडर, 15000/रुपया,एक खस्सी एवं ट्रॉफी
- द्वितीय पुरस्कार स्टूडेंट कोचिंग सेंटर कुड्डु 10000/ रुपया,एक खस्सी एवं ट्रॉफी,
- तृतीय पुरस्कार आर्मी ब्रदर्स मंजिला( रातु चित्तरकोटा)8000/ एक खस्सी एवं ट्रॉफी,
- चतुर्थ पुरस्कार आया तूफान गोली क्लब 7000/,एक खस्सी एवं ट्रॉफी,

इस मैच में रेफरी की भूमिका सचिन भगत,पन्ने लाल इरगांव, कार्तिक उरांव एवं अलाउसमेंट की भूमिका सियोन लकड़ा,अमित उरांव ने निभाई।

अतिथियों ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को जीत की बधाई दी एवं आने वाले सभी पूजा की शुभकामनाएं।

इस मैच को शांतिपूर्ण सफल बनाने में मुख्यरूप से वीरेंद्र यादव,सतेन्द्र पाहन,गेंदा पाहन,आनंद यादव,रामप्रवेश पाहन,अरविंद यादव,राज बहादुर पाहन,संत कुमार महतो,संजय मुंडा,चंदन कुमार,अनिल यादव, सुभाष यादव,झारखंड मुंडा,सीताराम डॉक्टर,संतोष यादव,ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चुनाव से पहले आजसू को झटका, केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक ने दिया इस्तीफा



**रांची/मेट्रो रेज :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले आजसू (ऑल झारखंड स्टूडेंट्स) पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पूर्व मंत्री और आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष उमाकांत रजक ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्र के जरिये केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो को अपना इस्तीफा सौंपा है। उन्होंने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए कहा है कि उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए सभी पदों से मुक्त किया जाये। मिली जानकारी के अनुसार, उमाकांत रजक जल्द ही झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का दामन थाम सकते हैं और पार्टी के टिकट पर चंदनक्यारी से चुनाव लड़ सकते हैं। ज्ञात हो कि उमाकांत रजक चंदनक्यारी से विधायक रहे हैं और सरकार में मंत्री भी रहे हैं। आजसू द्वारा बार-बार प्रयास किये जाने के बाद भी चंदनक्यारी सीट आजसू के खाते में नहीं आयी। क्योंकि यह भाजपा की सीटिंग सीट है और यहां से अमर कुमार बावरी विधायक हैं। इसलिए भाजपा के लिए यह सीट छोड़ना संभव नहीं है। अब करीब-करीब यह तय हो चुका है कि चंदनक्यारी सीट आजसू के खाते में नहीं आयेगी। इसलिए उमाकांत रजक ने केंद्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। उमाकांत रजक झामुमो का दामन थाम सकते हैं और पार्टी के टिकट पर चंदनक्यारी से चुनाव लड़ सकते हैं।

## मंईयां सम्मान योजना बनी अपमान योजना : बाबूलाल

**रांची/ मेट्रो रेज :** भाजपा प्रदेश अध्यलक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना मंईयां अपमान योजना बन गई है। पिछले 5 साल से महिलाओं को सिर्फ ठगने वाले हेमंत सोरेन ने चुनाव नजदीक आते देख दिखावे की राजनीति के चलते मंईयां सम्मान योजना चालू तो की, लेकिन मंईयां सम्मान योजना, मंईयां अपमान योजना बनकर सामने आ रही है। प्रदेश में आए दिन मंईयां सम्मान योजना के नाम पर चल रही ठगी का खुलासा हो रहा है। कहा कि कभी फॉर्म के नाम पर पैसा लिया जा रहा है तो कभी लिस्ट में नाम चढ़ाने के नाम पर, तो कभी खाते में पैसा भेजने के लिए भी पैसे लिये जा रहे हैं।कहा कि माताओं-बहनों का अपमान करना झामुमो-कांग्रेस की पुरानी परंपरा रही है। इसी को आगे बढ़ाते हुए हेमंत सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे महिलाओं का अपमान किया जा सके। माताओं-बहनों को ठगा जा सके। उनके अधिकारों को छीना जा सके और उनके मान सम्मान अभिमान पर ठेस पहुंचाया जा सके। अब परिवर्तन की बेला आ गई है। माताओं बहनों के नाम पर योजनाएं चलाकर पैसे वसूलने के आपके इरादों को भी जनता ने समझ लिया है, जिसका परिणाम आगामी चुनाव में आपको देखने को मिलेगा।

## न्यायालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बुण्डू (राँची)

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 के अंतर्गत

**निषेधाज्ञा–आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा विधानसभा निर्वाचन, 2024 की घोषणा दिनांक–15/10/2024 को कर दी गई है तथा घोषणा की तिथि से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन–सभा/जुलूस का आयोजन किया जाएगा। जन सभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित/आतंकित किये जाने तथा विधि–व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक यथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए अवांछित/असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि–व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है।

अतः उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में मैं **किस्टो कुमार बेसरा, झा०प्र०से० अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बुण्डू (राँची)** निष्पक्ष चुनाव हेतु स्वस्थ और शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए संतुष्ट होकर चुनाव प्रक्रिया की समप्ति होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण बुण्डू अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत में निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए निम्नांकित आदेश जारी करता हूँ :–

1. किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पूर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

2- The Jharkhand Control of the Use and Play of Loudspeakers Act, 1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक वर्जित रहेगा।

3. किसी सार्वजनिक/सरकारी सम्पत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर/पैम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना एवं तोरण द्वारा लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों पर Prevention of Defacement of Property Act-1987 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी।

4. किसी भी व्यक्तिगत सम्पत्ति पर बिना सम्पत्ति मालिक की लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर, पैम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना तथा होर्डिंग लगाना प्रतिबंधित किया जाता है।

5. भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पाँच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे।

6. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी ऐसे किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे।

7. कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल या संगठन, उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी व्यक्ति विशेष के विरूद्ध ऐसे किसी आपत्तिजनक टिप्पणी, विधि–विरूद्ध संदेश का प्रयोग व्हाट्सएप/फेसबुक/ट्विटर/इंस्टाग्राम अथवा सोशल मिडिया पर या किसी भी तंत्र पर नहीं करेंगे, जिससे किसी की व्यक्तिगत/मानसिक/धार्मिक/जातीय भावनाएं आहत होती हो तथा जिससे चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। उक्त का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधितों पर सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी।

8. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे।

9. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगे और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगे।

10. सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनैतिक गतिविधियों/सभा/बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा।

11. किसी राजनैतिक दल अथवा अभ्यर्थी अथवा अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न जातियों या धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच घृणा की भावना उत्पन्न हो।

12. प्रदुषण फैलाने वाले प्रचार सामग्रियों यथा–प्लास्टिक/पॉलिथिन से बने पोस्टर, बैनर का इस्तेमाल राजनैतिक प्रचार–प्रसार के लिए नहीं किया जायेगा।

13. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का लाईसेंस्ड हथियार लेकर नहीं चलेगा एवं आग्नेयास्त्र, तीर–धनुष, लाठी, भाला एवं मानव शरीर के लिए अन्य घातक हथियार का प्रदर्शन नहीं करेगा।

परन्तु उल्लेखनीय है कि यह आदेश–

- परम्परागत रूप से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय (नेपालियों द्वारा खुखरी धारण करने तथा सिखों द्वारा कृपाण धारण करने), विधि–व्यवस्था एवं निर्वाचन कर्त्तव्य पर लगे दण्डाधिकारियों/निर्वाचन कर्मियों और पुलिस पदाधिकारियों पर लागू नही रहेगा।
- यह आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा विधानसभा चुनाव के अवसर पर निर्गत किये जाने वाले आदेश के आलोक में निर्दिष्ट स्थान पर शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र निरीक्षण कराने एवं शस्त्र जमा करने हेतु शस्त्र ले जाने वाले अनुज्ञप्तिधारियों पर शिथिल रहेगा।

14. किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश के विपरीत कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा।

15. यह आदेश पूर्वानुमति प्राप्त सभा/जुलूस/शादी/बारात पार्टी/शव–यात्रा/हाट–बाजार/अस्पताल जा रहे मरीज के साथ–साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र–छात्राओं एवं कर्त्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी/पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

चूँकि संबंधित सभी व्यक्तियों को तत्काल रूप से नोटिस तामिला कराना संभव नहीं है, अतः यह आदेश एकपक्षीय (Ex-parte) पारित किया जाता है।

यह निषेधाज्ञा आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से आज दिनांक–15/10/2024 के अपराह्न 03:30 बजे से दिनांक–23/11/2024 के रात्रि 11:00 बजे तक लागू रहेगा।

लेखापित एवं संशोधित।

ह०/–
(किस्टो कुमार बेसरा, झा०प्र०से०)
अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
बुण्डू (राँची)

PR 339239 Ranchi (24-25)_D

विस चुनाव से पहले पलामू में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# हथियारों के साथ 1000 कारतूस बरामद

मेट्रो रेज

**पलामू :** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पलामू जिले में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इसमें पुलिस को सफलता भी हाथ लगी है। भाकपा माओवादी के खिलाफ हुई इस कार्रवाई में पुलिस के हाथ हथियारों का जखीरा लगा है। इसमें एके-47, एसएलआर, इंसास समेत कई हथियारों के कारतूस शामिल हैं।

पुलिस को थी सूचना- नक्सलियों ने जमा कर रखे हैं हथियारः पलामू जिले के पिपरा थाना की पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ अभियान चलाया था। पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि



सूचना मिली थी कि पिपरा के चेड़ीस्थान जाने वाली सड़क पर मौजूद झरना पहाड़ के पीछे पहाड़ी इलाके में नक्सलियों ने हथियारों का जखीरा जमा कर रखा है।गुप्त सूचना के आधार पर पिपरा पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशनः इसी सूचना के आलोक में पलामू जिले की पिपरा पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस को इस अभियान के दौरान 1,000 राउंड गोली और एक थ्री नॉट थ्री का रायफल मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि गोलियो और हथियारों को पुराने बर्तन में छिपाकर रखा गया था।

**15 लाख के इनामी नितेश यादव के प्रभाव वाला है इलाकाः** झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए इस अभियान को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है। जिस इलाके से हथियार बरामद हुए हैं, वह बिहार से कुछ ही दूरी पर है। यह इलाका प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के रीजनल कमेटी सदस्य सह 15 लाख के इनामी नितेश यादव का प्रभाव वाला है।

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## आगे की चुनौतियां

**नेशनल कांफ्रेंस** के नेता उमर अब्दुल्ला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री बने हैं। 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद से राज्य के राजनीतिक और प्रशासनिक बनावट में काफी बदलाव आए हैं। केंद्र शासित प्रदेश की यह पहली निर्वाचित सरकार है जिसमें मुख्यमंत्री की शक्तियां और अधिकतर देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है। इसी वर्ष जुलाई में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उपराज्यपाल को अधिक शक्ति और अधिकार देने के लिए जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 की धारा 55 को संशोधित किया। इस संशोधन के बाद उपराज्यपाल के पास पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो से संबंधित अंतिम फैसला लेने का अधिकार होगा। शायद इन्हीं तथ्यों को ध्यान में रखते हुए फारुोक अब्दुल्ला ने अपने पुत्र उमर अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद को कांटों का ताज कहा है। हालांकि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बहुत सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए जम्मू संभाग से सुरेंद्र चौधरी को उपमुख्यमंत्री के पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद कहा कि हमें लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए जनादेश मिला है और हम पहले दिन से ही यह करना चाहते हैं। सीमित शक्तियों के साथ जनता की आकांक्षाओं को कितना पूरा कर पाते हैं यह देखने वाली बात होगी। नेशनल कांफ्रेंस की मुख्यमंत्री प्रमुख रूप से दो विशेष मांगे हैं। जम्मू- कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करना और अनुच्छेद 370 की वापसी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं ने चुनाव में प्रमुख रूप से इन्हीं दो मुद्दों के आधार पर जनता से वोट मांगा है। जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा वैधानिक मांग है। लेकिन अनुच्छेद 370 इतिहास बन गया है अगर नेशनल कांफ्रेंस इसे बहाल करने की बात करती है तो केंद्र के साथ टकराव बढ़ेगा यह स्थिति उमर के प्रतिकूल जाएगी। राज्य के विकास योजनाओं को लेकर उमर को उपराज्यपाल के साथ समन्वय बनाकर चलना होगा। उमर अब्दुल्ला पहले भी मुख्यमंत्री रहे हैं। लेकिन अब परिस्थितियों काफी बदल गई है। इन बदली भी परिस्थितियों के साथ उमर अपने आप को कितना ढाल पाते हैं यह आने वाला समय बताएगा।

## ताकत देंगे प्रीडेटर ड्रोन

**भारत ने** 15 अक्टूबर अमेरिका के साथ ड्रोन खरीद के एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए। राजधानी दिल्ली में भारत के शीर्ष रक्षा और रणनीतिक अधिकारियों की उपस्थिति में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस खरीद का मुख्य उद्देश्य चीन के साथ विवादित सीमाओं पर भारतीय सेनाओं की यौद्धिक क्षमता को बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की केन्द्रीय समिति (सीसीएस) ने एमक्यू- 9बी हंटर किलर ड्रोन की खरीद को मंजूरी प्रदान की थी। प्रीडेटर ड्रोन की खरीद से भारत के शत्रु देश भारत को आंख दिखाने से डरेंगे। ये समुद्र की निगरानी, पनडुब्बी रोधी युद्ध और जमीनी सीमा के उस पार लक्ष्य साधने सहित अनेक प्रकार की भूमिकाएं निभा सकते हैं। भारत विशेष रूप से चीन के साथ विवादित सीमा पर मुख्य रूप से सशस्त्र बलों की निगरानी व्यवस्था को बढ़ाने के लिए ड्रोन खरीद रहा है। ये ड्रोन हवा से जमीन पर सटीक मार करने में अत्यंत सक्षम हैं। समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 15सी गार्डियन ड्रोन मिलेंगे तथा भारतीय वायु सेना व थल सेना को आठ- आठ स्काई गार्डियन ड्रोन मिलेंगे। अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स से जिस मानवरहित प्रीडेटर ड्रोन एमक्यू- 9 बी का समझौता हुआ वह संसार का सबसे उन्नत श्रेणी का ड्रोन है। इस मानवरहित प्रीडेटर ड्रोन एमक्यू-9 बी के दो वर्जन हैं। पहला स्काई गार्डियन और दूसरी सी गार्डियन। एमक्यू-9 बी सी गार्डियन ड्रोन तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जा रहे हैं। प्रीडेटर ड्रोन एमक्यू-9 बी सी गार्डियन का इस्तेमाल क्वाड समूह के सदस्य चारों देश करते हैं। वर्तमान में भारत एक खुफिया एकत्रीकरण अभियान के हिस्से के रु प में एमक्यू-9 बी ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। इस ड्रोन की खासियत यह भी है कि इसे मानवीय सहायता, आपदा राहत, खोज तथा बचाव एवं पनडुब्बी रोधी युद्ध में भी उपयोग में लाया जा सकता है। दुश्मन क्षेत्र के ठिकानों पर एकदम सटीक निशाना लगाने वाला यह ड्रोन इंटर किलर यूएवी के नाम से प्रसिद्ध है। पानी की सतह के उपर और अंदर दोनों ही प्रकार की जगहों की निगरानी व छानबीन के लिए इसमें 80 से ज्यादा जी-साइज के सोनोबॉय लगाए गए हैं। सोनोबॉय वह डिवाइस है जो रेडियो सिग्नल के माध्यम से पानी के भीतर हो रही आवाजों की पहचान करता है। इन खूबियों वाले ड्रोन से भारतीय सेनाएं काफी ताकतवर हो जाएंगी।

# कनाडा के क्रेजी प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो का पागलपन

अभी तक जितने भी जनमत सर्वेक्षण हुए हैं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि लोगों में उनकी सरकार को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। उनके शासनकाल में कनाडाई लोगों के समक्ष आवास, महंगाई और बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है और विपक्षी कंजर्वेटिव नेता उनकी नाक में दम किए हुए हैं। टूडो अब अपनी ही लिबरल पार्टी पर बोझ बनते जा रहे हैं। कनाडा में यह आशंका घर करने लगी है कि टूडो इनसे पार पाने की स्थिति में नहीं हैं और अच्छा है कि चुनाव से पहले ही वह बाहर निकलने का विकल्प सोच लें। अब उनकी ही पार्टी के कुछ सहयोगियों ने सुझाव देना शुरू कर दिया है कि उनके जाने का समय आ गया है।

**बिक्रम उपाध्याय**

इसी साल मार्च में टूडो ने अपने एक वक्तव्य में कहा था कि वह रोज सोचते हैं कि यह क्रेजी जॉब छोड़ दें लेकिन छोड़ नहीं पाते। जस्टिन के लिए प्रधानमंत्री का पद एक क्रेजी जॉब है, जिसे वह अगले चुनाव तक जारी रखना चाहते हैं। शायद टूडो को अपने राजनीतिक भविष्य का अंदाज बहुत पहले हो गया था और इसी कारण वह तमाम उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं और उटपटांग फैसले ले रहे हैं। वे जनता के सवालों का सामना नहीं करना चाहते और उन्हें यह भी सर्वेक्षणों से पता चल गया है कि वह कनाडाई लोगों के बीच लोकप्रियता तेजी से खोते जा रहे हैं। कनाडा का अगला आम चुनाव अगले साल अक्टूबर में ही होने वाला है।

अभी तक जितने भी जनमत सर्वेक्षण हुए हैं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि लोगों में उनकी सरकार को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। उनके शासनकाल में कनाडाई लोगों के समक्ष आवास, महंगाई और बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है और विपक्षी कंजर्वेटिव नेता उनकी नाक में दम किए हुए हैं। टूडो अब अपनी ही लिबरल पार्टी पर बोझ बनते जा रहे हैं। कनाडा में यह आशंका घर करने लगी है कि टूडो इनसे पार पाने की स्थिति में नहीं हैं और अच्छा है कि चुनाव से पहले ही वह बाहर निकलने का विकल्प सोच लें। अब उनकी ही पार्टी के कुछ सहयोगियों ने सुझाव देना शुरू कर दिया है कि उनके जाने का समय आ गया है। टूडो का व्यक्तिगत जीवन भी ठीक नहीं चल रहा है। उनकी पत्नी सोफी ग्रेगोइरे पहले ही अलग हो चुकी हैं। कई अन्य फैसलों के साथ टूडो द्वारा जिस तरह कुछ साल पहले कनाडा की धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर विवाद उत्पन्न किया गया है, उसे भी उनका एक क्रेजी फैसला ही माना जा रहा है। उनके इस बेवकूफी भरे कदम ने भारत और कनाडा के बीच के राजनयिक संबंधों पर ग्रहण लगा दिया है। हद तो तब हो गई जब जस्टिन टूडो की सरकार और पुलिस ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में सीधे तौर पर भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगा दिया। कनाडाई पुलिस ने भारतीय एजेंटों पर ₹हत्या, जबरन वसूली और हिंसक कृत्यों₹ में शामिल होने और खालिस्तान समर्थक आंदोलन के समर्थकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

ये आरोप निश्चित रूप से बेतुके हैं। साफ तौर पर टूडो ने राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा किया है क्योंकि कनाडा में सिख समुदाय की संख्या अच्छी-खासी है और वे उन्हें खुश करने के लिए ऐसा करना चाहते हैं। टूडो की राजनीतिक मंशा इसी से साफ झलकती है। उन्होंने भारत पर यह लांछन एक लाइव टेलीविजन पर बोलते हुए लगाया। टूडो ने कहा कि भारत ने कनाडा में ₹आपराधिक₹ कृत्यों का समर्थन करके एक मौलिक गलती की है। उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने अभी तक अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है, लेकिन अपने अपरिपक्व बयानों से दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों को तनावपूर्ण जरूर बना दिया है। भारत ने ना सिर्फ कनाडा से अपने दर्जनों राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुला लिया है बल्कि वीजा सेवाओं को भी निलंबित करने की पहल कर दी है। छह कनाडाई राजनयिकों को भी भारत छोड़ने के लिए कह दिया गया है।

जस्टिन टूडो जो इस समय फैसले ले रहे हैं, उनके साथ ना तो कनाडा की जनता है और ना उनकी सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, लिबरल पार्टी के सांसदों का एक समूह भारत के खिलाफ एकतरफा फैसले को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो पर पद छोड़ने का दबाव बना रहा है। सीबीसी न्यूज रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह ओटावा में कई असंतुष्ट सांसदों ने मुलाकात कर टूडो को हटाने के एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। सांसदों की यह बैठक हाल ही में सम्पन्न मॉन्ट्रियल और टोरंटो में लिबरल पार्टी के उपचुनाव में हार के बाद हुई थी। कहा तो यह भी जा रहा है कि कम से कम 30 से 40 सांसद नेतृत्व में बदलाव की मांग करने वाले पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल थे।

टूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादियों के समर्थन के लिए भारत के साथ संबंधों को नष्ट करने का उनका यह प्रयास अब उनके खिलाफ ही माहौल बनाने का कारण बनता जा रहा है। कनाडाई प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि इससे पहले कि वह कनाडा को पूरी तरह से डुबो दें, देश को जल्द से जल्द उनसे खुद को अलग कर लेना चाहिए। एक कनाडाई नागरिक का कहना है कि टूडो नैतिक रूप से भ्रष्ट हैं और अपना पूरा जीवन आत्म-अधिकार की भावना के साथ जीते हैं। वह खुद को अपने पिता पियरे इलियट का पुनर्जन्म मानते हैं। वह यह भी मानते हैं कि कनाडाई करदाताओं का पैसा उनका अपना है और वह जैसे चाहें, उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। वह राजनेताओं के व्यवहार के लिए बने कानूनों से खुद को ऊपर मानते हैं।

इसी साल अगस्त के अंत में जब प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने उत्तरी ओंटारियो में एक स्थानीय स्टील कर्मचारी से हाथ मिलाने के लिए हाथ बढ़ाया तो कर्मचारी ने हाथ मिलाने से मना कर दिया और कहा कि ₹मुझे एक पल के लिए भी आप पर विश्वास नहीं है।₹ साफ है कि टूडो से जनता हताश और निराश हो गई है। एक पोल ट्रैकर के अनुसार, प्रधानमंत्री के रूप में टूडो की स्वीकृति दर इस समय 63 प्रतिशत से गिरकर केवल 28 प्रतिशत रह गई है। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे के अनुसार टूडो की सरकार अल्पमत में है और वह उसे गिराने के लिए जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। यदि पोलीवरे सफल होते हैं, तो कनाडा में चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं।

इप्सोस के एक राजनीतिक विश्लेषक और पोलस्टर डेरेल ब्रिकर का कहना है कि टूडो की सरकार मूल रूप से खत्म हो चुकी है। इस समय जो कुछ भी हो रहा है, वह रेत के ढेर से रेत खिसकने जैसा ही है। प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो अपनी विदाई की इबारत दीवारों पर लिखी देख रहे हैं, लेकिन उसे नजरअंदाज करने के लिए कनाडाई अस्मिता का एक स्वांग करने का यत्न कर रहे हैं।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अभिधम्म का सम्मान : पाली साहित्य का एक शास्त्रीय रत्न

अभिधम्म में एक केंद्रीय अवधारणा शर्तीयता का सिद्धांत है, जो यह स्पष्ट करता है कि सभी घटनाएँ कैसे एक जटिल कारणों और परिस्थितियों के अंत:क्रिया के कारण उत्पन्न होती हैं और समाप्त होती हैं। हालांकि अभिधम्म अत्यधिक तकनीकी और सैद्धांतिक लग सकता है, इसका अंतिम उद्देश्य साधकों को वास्तविकता की सच्ची प्रकृति को समझने में सहायता करना है, जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो।

**प्रोफेसर रविन्द्र पंथ**

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली की मान्यता का आयोजन कर रहा है। अभिधम्म पिटक सात ग्रंथों से मिलकर बना है, प्रत्येक बुद्ध की शिक्षाओं के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत अध्ययन करता है। ₹धम्मसंगणि₹ पहला ग्रंथ है, जो अनुभव की दुनिया को बनाने वाली अंतिम वास्तविकताओं की गणना और परिभाषा करता है। ₹विभंग₹ इन वास्तविकताओं का और विश्लेषण करता है, जबकि ₹धातुकथा₹ और ₹पुग्गलपञ्ञत्ति₹ क्रमशः घटनाओं और व्यक्तियों के प्रकारों का वर्गीकरण प्रदान करते हैं। ₹कथावत्थु₹ विभिन्न दार्शनिक दृष्टिकोणों और विवादों को संबोधित करता है, जबकि ₹यामक₹ और ₹पट्ठान₹ उन जटिल शर्तीय संबंधों की गहराई में जाते हैं जो सभी घटनाओं के उत्पत्ति और निष्कर्ष को नियंत्रित करते हैं। ₹पट्ठान₹ को अभिधम्म का शिखर माना जाता है, यह एक विशाल ग्रंथ है जो मन और पदार्थ की पूरी दुनिया को नियंत्रित करने वाले चौबीस प्रकार के शर्तीय संबंधों का विस्तृत अध्ययन करता है।

एक वास्तविक अर्थ में अभिधम्म में चार उल्लिखित श्रेणियाँ होती हैं:१. चेतना,२. मानसिक अवस्थाएँ,३. भौतिक गुण, और५. निब्बाना या अंतिम मुक्ति। - अभिधम्मत्थसंगहो, वयोवृद्ध अनुरुद्ध द्वारा। अभिधम्म चार प्रकार के परमार्थ धम्म (अंतिम वास्तविकताएँ) का कठोर विश्लेषण प्रस्तुत करता है: चित्त (चेतना), चेतसिका (मानसिक कारक), रूप (पदार्थ), और निब्बाना (अंतिम मुक्ति)। यह ढांचा साधकों को मानव अस्तित्व की जटिलताओं का अध्ययन करने की अनुमति देता है—मन और पदार्थ के अंतःक्रिया, दुःख की प्रकृति, और निब्बाना की प्राप्ति के लिए मार्ग, या दुःख के अवसान को समझने में।

अभिधम्म में एक केंद्रीय अवधारणा शर्तीयता का सिद्धांत है, जो यह स्पष्ट करता है कि सभी घटनाएँ कैसे एक जटिल कारणों और परिस्थितियों के अंतःक्रिया के कारण उत्पन्न होती हैं और समाप्त होती हैं। हालांकि अभिधम्म अत्यधिक तकनीकी और सैद्धांतिक लग सकता है, इसका अंतिम उद्देश्य साधकों को वास्तविकता की सच्ची प्रकृति को समझने में सहायता करना है, जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो। सभी घटनाओं की अस्थायी, असंतोषजनक और निरात्मा स्वभाव को समझकर, व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्तियों और लिप्तता को छोड़ सकता है, जिससे वह दुःख से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।

अभिधम्म पिटक, पाली कैनन का तीसरा भाग, बुद्ध की नैतिक मनोविज्ञान और दर्शन में गहराई से उतरता है, जो मन, उसके मानसिक कारकों और वास्तविकता को समझने के लिए एक जटिल ढांचा प्रस्तुत करता है। थेरवाद परंपरा के अनुसार, ये शिक्षाएं तावतींसा आकाश में दी गई थीं, जहाँ बुद्ध ने वर्षा ऋतु के दौरान तीन महीने बिताए, देवताओं और अपनी माता को अभिधम्म का उपदेश दिया। भाषाशास्त्रीय दृष्टि से, 'अभिधम्म' दो शब्दों 'अभि' (की ओर) और 'धम्म' (धारण करने के लिए) से मिलकर बना है, जिसे बुद्ध के उन्नत शिक्षाओं की ओर ले जाने के रूप में समझा जाता है। प्रसिद्ध पाली टिप्पणीकार वें. बुद्धघोष ने अभिधम्म को सबसे उन्नत या विशिष्ट सिद्धांत के रूप में वर्णित किया है, जो सुत्त पिटक की अधिक पारंपरिक शिक्षाओं से इसे अलग करता है।

हाल ही में, पाली को मराठी, प्राकृत, असमिया और बांग्ला के साथ क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। यह प्राचीन मध्य इंडो-आर्यन भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की है, जो बुद्ध धर्म की समृद्ध दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं के द्वार खोलती है। यह बौद्ध ग्रंथों और दर्शन की नींव है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन (त्रिपिटक) का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है। यह ग्रंथ बुद्ध धर्म के मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक आधारों को समझने के लिए आवश्यक है। पाली का प्रभाव भारत से परे फैला हुआ है, खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में, जहां श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, लाओस और कंबोडिया जैसे देशों ने थेरवाद बौद्ध धर्म को अपनाया है। इन देशों में, पाली केवल एक धार्मिक भाषा नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति भी है।

अभिधम्म दिवस पाली की समृद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य में इसके रणनीतिक महत्व को याद दिलाने का एक अवसर है। जब आईबीसी पाली भाषा का जश्न मनाता है, तो यह भारत के लिए आर्थिक और कूटनीतिक अवसर भी प्रस्तुत करता है। आईबीसी को अपने एशियाई भागीदारों से मिले उत्साहजनक प्रतिक्रिया, जो भारत सरकार द्वारा पाली को क्लासिकल भाषा के रूप में मान्यता मिलने के बारे में उत्साहित हैं, इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि इस भाषा का भविष्य उज्ज्वल है। पाली को अपनाने और बढ़ावा देने के माध्यम से भारत इस गहन भाषा के जन्मस्थान के रूप में अपनी भूमिका को फिर से हासिल कर सकता है, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार भी कर सकता है। आईबीसी का यह प्रयास न केवल बुद्ध की शिक्षाओं का सम्मान करता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि पाली में संचित ज्ञान फलता-फूलता रहे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहे। इसके अलावा, जैसे-जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अपने बौद्धिक जड़ों के साथ फिर से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं। भारत पाली अध्ययन में संसाधन, विशेषज्ञता और नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह न केवल भारत की भाषा पर अधिपत्य को मजबूत करता है बल्कि पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है।

**(लेखक, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के निदेशक हैं।)**

# संबंध

**चिंतन-मनन**

संबंध एक ढांचा है प्रेम का कोई ढांचा नहीं है। तो प्रेम संबंधित तो अवश्य होता है पर कभी संबंध नहीं बनता। प्रेम एक क्षण से क्षण की प्रक्रिया है। स्मरण रखें। प्रेम तुम्हारे होने कि स्थिति है वह कोई संबंध नहीं। ऐसे लोग हैं जो प्रेम करते हैं और ऐसे भी जो प्रेम नहीं करते। जो लोग प्रेम नहीं करते वे संबंधों के माध्यम से प्रेममय होने का नाटक करते हैं। प्रेम करने वाले लोगों को संबंध बनाने की कोई आवश्यकता नहीं होती प्रेम पर्याप्त है। एक प्रेम संबंध में पड़ने के बजाय तुम एक प्रेम करने वाले व्यक्ति बनो,क्योंकि संबंध एक दिन बनते हैं और अगले ही दिन मिट जाते हैं। वे फूलों के सामान हैं; सुबह खिलते हैं और श्याम ढलते ही विदा हो जाते हैं। तुम एक प्रेममय व्यक्ति बनो मंत्रा। परंतु लोगों को प्रेममय व्यक्ति बनने में बहुत कठिनाई होती है तो वे एक संबंध खड़ा कर लेते हैं और इस तरह से बेफकूफ बनाते है मैं एक संबंध में हूं इसलिए मैं अब एक प्रेममय व्यक्ति हूं।' और वह संबंध चाहे किसी पर एकाधिकार जमाने वाला सबसे अलग कर देने वाला हो। हो सकता है वो संबंध बस किसी डर से बनाया गया हो,जिसका प्रेम से कुछ लेना-देना न हो। हो सकता है संबंध मात्र एक सुरक्षा हो आर्थिक या कोई और। संबंध की आवश्यकता केवल इसलिए होती है क्योंकि प्रेम नहीं है। संबंध एक विकल्प है। सचेत हो जाओ! संबंध प्रेम को नष्ट कर देता है वह उसके जन्म की सारी संभावनाओं को नष्ट कर देता है। यदि तुम बिना ईर्ष्या के प्रेम कर सकते हो यदि तुम बिना लगाव के प्रेम कर सकते हो यदि तुम किसी व्यक्ति को इतना प्रेम कर सको की उसकी प्रसन्नता तुम्हारी प्रसन्नता होभले ही वह किसी और स्त्री के साथ भी हो और प्रसन्न हो यह तुम्हे भी प्रसन्न कर दे कि क्योंकि तुम उससे इतना प्रेम करती हो कि उसकी खुशी तुम्हारी खुशी है। तुम इसलिए खुश हो क्योंकि वह खुश है और तुम उस स्त्री के प्रति अनुग्रहित होगी जिसने उस व्यक्ति को प्रसन्न किया जिसे तुम प्रेम करती हो तुम ईर्ष्या नहीं करोगी। तब प्रेम एक शुद्धता तक पहुंचा है। यह प्रेम किसी तरह का बंधन निर्मित नहीं करता। और यह प्रेम केवल तुम्हारे हृदय के द्वार का खुलना है सब हवाओं के लिए पूरे आकाश के लिए। यह थोड़ा विचित्र दिखता है; परंतु हमें हमेशा यह सिखाया गया है कि प्रेम एक संबंध है तो हम इस सोच के आदि हो गए हैं कि प्रेम एक संबंध है परंतु यह सत्य नहीं है।

## आपके पत्र

### कानून पर अमल जरूरी

हमें अपने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में बताना चाहिए। उनके मन में यह विश्वास जगाना होगा कि हर परिस्थिति में माताझ्रपिता और अन्य परिजन उनके मन की बात समझेंगे। बच्चे की गतिविधि पर निगाह रखने से यह बात समझी जा सकती है कि वो किसी ऊहापोह की जकड़ में तो नहीं है। उधर जिम्मेदार लोगों को बच्चों के साथ हो रहे गलत व्यवहार पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कई बार प्रबंधन दोषी व्यक्ति को नौकरी से निकालकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री समझ लेता है लेकिन बच्चों के साथ दुर्व्यवहार गंभीर अपराध है और ऐसा करने वालों को सबक मिलना ही चाहिए। शिक्षा के अधिकार कानून 2009 के तहत बच्चों को मानसिक या शारीरिक तौर पर प्रताड़ित करना एक अपराध है और इस अपराध के लिए सजा निश्चित है। कानून पर अमल करके अगर एक बार दोषी व्यक्तियों को देश के कानून के तहत सजा मिलनी प्रारंभ हो जाए तो बच्चों के साथ हिंसक या यौन दुर्व्यवहार का सिलसिला स्वयमेव रुक जाएगा।

**केसी राय ,रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### झामुमो से राजमहल विधानसभा प्रत्यासी के लिए रजनी कान्त यादव नें दिया आवेदन



**साहिबगंज :** झारखंड में चुनाव की घोषणा होते ही विभिन्न राजनीति पार्टियां चुनावी मैदान में उतरने को तैयार है।कई नेता टिकट को लेकर पार्टी कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं तो कई लोग बड़े नेताओ का आशीर्वाद ले रहे है।वही राजमहल विधानसभा चुनाव में कई नेता टिकट की जुगाड में लगे है।वही झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के पूर्व केन्द्रीय सचिव तीनपहाड़ निवासी रजनी कान्त यादव ने भी अपनी राजनीति किस्मत चमकाने को लेकर राजमहल विधानसभा के लिए झामुमो के प्रत्यासी बनाए जाने को लेकर अपना आवेदन झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेंन को दिया।श्री यादव ने झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेंन से कहा है कि चुनाव क्षेत्र की परिस्थितियों एवं सामाजिक समीकरणों को एवं राजमहल की जनता की अपेक्षाओं का ख्याल करते हुए हमारा आवेदन हुआ है,और इस आवेदन का मुख्य उद्देश्य अबुआ हेमंत सरकार को दुबारा से लाने में अपने राजमहल की जनता का भी बहुमूल्य योगदान रहे।

### दीपावली व छठ पूजा को लेकर तैयारी शुरू



**साहिबगंज/बरहरवा:** दुर्गापूजा समाप्ति के बाद लोग अब काली पूजा,धनतेरस दीपावली एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर तैयारी शुरू कर दी।वही बरहरवा नगर पंचायत के लोग मंदिरों के आसपास एवं छठ घाटों की साफ सफाई की तैयारी में जुट गए है।वही बरहरवा नगर पंचायत के नंबर 5 के निवर्तमान वार्ड पार्षद सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मालदा डिविजन रेल बोर्ड के सदस्य ललित पासवान ने अपने नेतृत्व में छठ घाट पर सफाई अभियान चलाया।वही छठ घाट के अध्यक्ष ललिता पासवान ने बताया कि पूजा को देखते हुए छठ व्रती को मंदिरों एवं छठ घाटों में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो,इसके लेकर बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिख कर साफ सफाई की मांग की।वही कार्यपालक पदाधिकारी और सिटी मैनेजर के निर्देश पर मंदिरों के आस-पास एवं छठ घाटों की साफ सफाई कराया।ताकि छठ व्रती एवं भक्त जनों को किसी तरह का परेशानी ना हो।

### डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कम्पोस्ट एवं अगरबत्ती मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम




**साहिबगंज :** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान साहिबगंज के माध्यम से 10 दिवसीय डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कम्पोस्ट एवं अगरबत्ती मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि प्रशिक्षक बिनोद कुमार,आरसीटी वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार और उपेन्द्र गोप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रक्षिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले के 9 प्रखंडों से आए हुए कूल 30 प्रशिक्षुओ ने भाग लिए।वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं। जो कि निशुल्क है।उन्होंने बताया कि यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना खुद को रोजगार कर बेरोजगारी को दूर कर सकते हैं। जिसमें बैंक आपको सहयोग करेगा।अपने कार्यों को स्टार्ट करने मे आरसेटी के प्रशिक्षक ने कहा की प्रशिशुओं को स्वामलंबी बनने हेतु उसको मोटिवेशन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के गेमों के माध्यम से जैसे रिंग टॉस, टॉवर मेकिंग,बोट बिल्डिंग, आइस ब्रेकिंग से भी उन्हें उत्साहित किया जाता है।ताकि उसके अंदर उद्यमशीलता की भावना जागृत हो और स्वयं को रोजगारी बनाएं।मौके पर आरसेटी के वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार,प्रशिक्षक उपेन्द्र गोप,सहायक रंजीत कुमार, आकाश कुमार उपस्थित थे।

### जनता ही झामुमो की असली ताकत है : मंत्री

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों की काफी संख्या में महिलाएं गुरुवार को पर्यटन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंची. यहां सभी ने मंत्री ठाकुर से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें अपना अपना समर्थन दी. इस दौरान सभी ने बैठक कर सर्वसम्मति से आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री ठाकुर को भारी बहुमत से जीतने का संकल्प ली. मंत्री ठाकुर ने कहा कि जनता ही झामुमो की असली ताकत है. आज पूरी जनता, साथ-साथ नारी शक्ति पूरी तरह से जाग चुकी है. हेमंत सोरेन के कार्यकाल में महिलाओं को पूरा हक, अधिकार एवं मान, सम्मान मिला है. उन्होंने कहा कि नारी शक्ति जब जाग जाएगी तब समाज का पूर्ण रूप से विकास होगा. महिलाओं ने कहा कि वे हर हाल में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से मंत्री मिथिलेश को ही जिताएंगी. गढ़वा में अब बेईमानों राज नहीं चलेगा. जिन लोगों ने आज तक जनता के साथ छल, धोखेबाजी किया, जनहित का कोई कार्य नहीं किया, गरीबों का हक अधिकार लूटा, महिलाओं का अपमान किया अब वैसे लोगों का पूरी तरह से बहिष्कार करेंगे. महिलाओ ने कहा कि गांव में आकर वोट मांगने वाले लोगों को जवाब देना पड़ेगा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास एवं जनहित के लिए कौन सा कार्य किया है कि आज वह वोट मांगने आ रहे हैं. मौके पर रूप से झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष आराधना सिंह, मेराल सचिव रेखा पाठक, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष सोनी देवी सहित मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायत की काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं.

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

**पलामू:** उंटारी रोड प्रखंड के प्राचीन व सुप्रसिद्ध देवस्थल शिव संपतधाम मंदिर प्रांगण अवस्थित यज्ञशाला परिसर से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यज्ञशाला से गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश शोभायात्रा मेन रोड होते हुए कोयल नदी संगम तट पर पहुंची।

# नहीं जाऊंगा बीजेपी, झामुमो के टिकट पर ही लडूंगा विधानसभा चुनाव : मनोज चंद्रा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चतरा:** चुनाव का समय है, सियासत का दौर है. ऐसे में किसी पार्टी और किसी एक अदने से नेता की छोटी सी हलचल भी एक तूफान खड़ा कर देता है. कुछ ऐसा ही सामने आया, सत्ताधारी दल झामुमो की चतरा ईकाई में. जहां एक छोटी सी चिंगारी ने जिला के कुनबे में आग सी लगा दी.

ये झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा हैं. जिनके बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसी खबरें सामने आई कि वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं और सिमरिया से उनका टिकट फिक्स है. सोशल मीडिया पर खबरें सामने आने के बाद जिला में ये खबर फैल गयी. जिसके बाद गुरुवार को झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं ने मनोज कुमार चंद्रा के नेतृत्व में शक्ति प्रदर्शन किया.

झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा ने भाजपा में जाने का किया खंडन झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा ने गुरुवार को सोशल मीडिया में चल रहे अफवाहों का खंडन किया है. उन्होंने अपने समर्थकों के साथ प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा है कि मैं झामुमो का सच्चा सिपाही हूं और मैं जीवन भर झामुमो कार्यकर्ता बना रहूंगा. सिमरिया विधानसभा चुनाव भी मैं झामुमो के टिकट पर हीं लड़ूंगा. उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाकर मेरे समर्थकों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनकी ये साजिश सफल नहीं होगी. हमारे समर्थन का कार्यकर्ता एकजुट हैं और ऐसे साजिशों से निपटना बखूबी जानते हैं. मैं आगामी विधानसभा चुनाव की जोर-शोर से तैयारी कर रहा हूं.



झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आशीर्वाद भी लगातार प्राप्त हो रहा है. उनके मार्गदर्शन के अनुसार मैं अपने कार्यकताओं के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहा हूं और पार्टी को मजबूत कर रहा हूं. उन्होंने कार्यकताओं और समर्थकों को एक जुट रहकर मजबूती के साथ झामुमो को सशक्त करने की अपील की. बता दें कि विगत कुछ दिनों से कुछ खासकर सोशल मीडिया के विभिन्न ग्रुपों में झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की सूचना प्रचारित की जा रही थी. जिसका उन्होंने पुरजोर तरीके से खंडन किया है.

## एसबीआई बैंक में खाताधारकों के बीच हुई हाथापाई

### खाताधारकों ने बैंक कर्मी व मैनेजर पर लगाए कई गंभीर आरोप

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा:** प्रखंड क्षेत्र में संचालित एसबीआई शाखा उधवा में गुरुवार को खाताधारकों के बीच हाथापाई हो गई। बताया जाता है कि बैंक शाखा में भीड़ काफी ज्यादा थी। खाताधारक बैंक परिसर के बाहर बैंक खुलने के इंतजार में थे। जैसे ही बैंक खुली लोग एक दूसरे को धकेल धकेल कर बैंक में घुसने लगे। जिससे खाताधारक एक दूसरे के साथ भीड़ गए। जानकारी के अनुसार उधवा स्थित एसबीआई बैंक विवाद को लेकर हमेशा से ही सुर्खियों में रहा है। हालाकी कभी बैंक कर्मी व शाखा प्रबंधक के ऊपर अब तक खाताधारक कई आरोप लगा चुके है। सरकार के मईया सम्मान योजना को लेकर इन दिनों लोगों की भीड़ बैंकों में क्षमता से अधिक देखी जा रही है। पिछले दो महिने से लोगों की भीड़ काफी जमा हो रही है। भीड़ में सबसे पहले नंबर में लगे इसके लिए रात 1 बजे से ही लोगों का आगमन शुरू हो जाता है। 9-10 घंटे इंतजार के बाद बैंक कर्मी सुबह 10-10:30 बजे बैंक पहुंचते हैं। बैंक कर्मियों के आने बाद गेट का ताला खोला जाता है तब तक सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ बैंक के बाहर में लंबी लाइन में खड़े रहते हैं। गुरुवार को सुबह से ही बैंक परिसर में काफी भीड़ जमा थी।लोग लंबी लाइन में लगे थे और ताला खोलते ही सभी अंदर घूंसने का प्रयास किया। इसी बीच लोगों में तकरार व धक्का मुक्की शुरू हो गई। यह तकरार हाथापाई पर उतर आया।हाथापाई के दौरान पुरुष व महिलाओं के बीच मतभेद नहीं देखा गया। बैंक के बाहर मारपीट होते रहा और मैनेजर साहब अपने कार्यालय के अंदर कुर्सी की पेटी बांधकर बाहर का लुप्त उठाता रहा। इससे लोगों में आक्रोश देखा गया। लोगों ने बताया कि पिछले दो महिने से यही हाल है। लेकिन मैनेजर समेत बैंक कर्मी अनसुना कर देता है और अपनी मनमानी से काम कर रहा है। प्रतिदिन लंबी लाइन लगती है परंतु हल्का-फुल्का काम कर सभी को वापस घर भेज देता है। और किसी को कुछ बताता भी नहीं है। बैंक कर्मचारी की इस हरकत से लोग काफी परेशान है। वहीं लोगों ने बैंक मैनेजर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।




## मां और भाई को गोली मारने वाला गिरफ्तार, अवैध हथियार भी बरामद

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गिरिडीह:** पारिवारिक विवाद में मां और भाई को गोली मारनेवाले आरोपी को गिरिडीह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी का नाम रीतलाल यादव उर्फ रीतलाल महतो है. आरोपी भरकट्टा ओपी (बिरनी थाना) क्षेत्र के पिपराडीह का निवासी है. पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल और एक मैगजीन से 7.65 एमएम की एक जिन्दा गोली बरामद किया है. आरोपी की गिरफ्तारी गारागुरो से हुई है. इसकी पुष्टि गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार ने की है.

गारागुरो के पास से आरोपी पकड़ा गया

गिरिडीह एसपी ने बताया कि गुरुवार की सुबह सूचना मिली थी कि अपराध के उद्देश्य से एक व्यक्ति पिस्टल के साथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय गारागुरो के समीप घूम रहा है. साथ ही व्यक्ति के पास पिस्टल होने की भी सूचना थी. जानकारी मिलते ही एसडीपीओ बगोदर-सरिया धनंजय राम के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई. टीम में बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज, भरकट्टा ओपी प्रभारी प्रकाश रंजन, आरक्षी बिरजू राम और लोदो मुंडा को शामिल किया गया. टीम ने हथियार के साथ संदिग्ध को गिरफ्तार किया.

पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि पिछले 13 अक्तूबर को उसने ही अपनी मां सोमरी देवी और भाई मुंशी यादव को को गोली मारी थी. एसपी ने बताया कि 13 अक्तूबर की घटना को लेकर बिरनी थाना (भरक?ट्टा ओपी) कांड संख्या 175/24 दर्ज है और इस कांड में रीतलाल फरार था. अब बरामद पिस्टल और गोली के संदर्भ में बिरनी (भरकट्टा ओ०पी०) कांड संख्या 181/24 दर्ज किया गया है. एसपी ने बताया कि रीतलाल के खिलाफ पूर्व में भी मामला दर्ज है.



## पानी लेने गई एक किशोरी की कुंए में गिरकर मौत

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र के चांदशहर पंचायत में गुरुवार की अहले सुबह एक किशोरी की कुंआ में गिरने से मौत हो गई। मृतिका किशोरी की पहचान पुजारी स्वर्णकार की करीब दस वर्षीय पुत्री के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त किशोरी सुबह घर के पास बने कुंआ पर पानी लाने के लिए गई थी। पानी उठाने के दौरान उक्त किशोरी असंतुलित होकर कुंआ में गिर गई। किशोरी के घर आने में विलंब हुई तो परिजन खोजते खोजते कुएं के पास पहुंचे। इस दौरान कुंआ के पास बाल्टी नही होने के कारण परिजन को संदेह हुई कि शायद कुंआ में बच्ची डूब गई है।

## सरायकेला में जंगली हाथी ने ग्रामीण को कुचला, मौत

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला:** जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के रसुनिया गांव में एक जंगली हाथी ने गुरुवार अहले सुबह पांच बजे के करीब एक ग्रामीण को कुचलकर मार डाला है. मृत शख्स की पहचान रसुनिया गांव निवासी सामल मुर्मू के रूप में की गई है.

बताया जाता है कि धान के खेत में मौजूद हाथी को गांव के लोग भगाने की कोशिश कर रहे थे. इस दौरान गुस्से में हाथी ने सामल मुर्मू को कुचलकर मार डाला. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाथी ने करीब 100 मीटर दूर तक सामल मुर्मू को खदेड़कर उसे खेत में ही कुचलकर मार डाला.



इधर, घटना की सूचना मिलने पर चांडिल फॉरेस्टर राधारमन ठाकुर घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ग्रामीणों से ली. इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया. वनपाल ने बताया कि मृतक के आश्रित को फिलहाल नगद 50 हजार रुपये और कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बाकी के साढ़े तीन लाख रुपये दिए जाएंगे.

ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति नाराजगी

इधर, घटना के बाद रसुनिया गांव में मातम पसरा हुआ है. वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग ऊपर नाराजगी जाहिर की है. ग्रामीणों का आरोप है कि पटाखे मांगने पर वन विभाग पटाखे नहीं उपलब्ध कराता है. साथ ही टॉर्च भी नहीं दिया जाता है. इस कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं.

टेरिटरी से भटक गए हैं हाथी

चांडिल क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंक देखा जा रहा है. मामले को लेकर फॉरेस्टर राधारमन ठाकुर ने बताया कि जंगली हाथी टेरिटरी से भटक कर गांव की तरफ चले जाते हैं. उनके अनुसार जंगली हाथियों का वातावरण दलमा अभ्यारण्य क्षेत्र के आसपास अनुकूल नहीं है. इस कारण हाथी भटक रहे हैं.

## पोक्सो एक्ट के आरोपी को प. बंगाल से धराया-जेल

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना पुलिस ने पश्चिम बंगाल में छापेमारी कर पोक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर उसे गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी अब्दुल वहाब को कलियाचक से गिरफ्तार किया है। राधानगर थाना में अब्दुल वहाब के विरुद्ध पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज है। इस संबंध में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि कांड संख्या 181/24 के तहत अब्दुल वहाब पोक्सो एक्ट का नामजद आरोपी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग पीड़िता के परिजन ने उसके विरुद्ध पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उक्त आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस रेस में थी। एक छापामारी टीम गठित कर कालियाचक थाना पुलिस के सहयोग से तेतरू टोला राजगंज में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय एवं दल बल शामिल थे।

## हेमंत सरकार ने राज्य में स्थापित किया ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग: सूरज सूर्यवंशी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला:** ओडिशा सरकार के मंत्री सूरज सूर्यवंशी झारखंड दौरे पर सरायकेला पहुंचे. उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने पूरे पांच साल अपने वादों को भूल कर राज्य में ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्योग स्थापित कर दिया है.

आदित्यपुर पहुंचे मंत्री सूरज सूर्यवंशी ने कहा कि पांच लाख प्रति वर्ष युवाओं को रोजगार देने के वायदे के साथ हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने. सीएम बनते ही अपने वादे भूल गए. माताओं बहनों के लिए प्रति माह दो हजार चूल्हा खर्च देने का वादा किया और चुनाव के समय एक हजार रुपए मंईयां सम्मान योजना के तहत देना शुरू किया.

उन्होंने कहा कि पांच साल हेमंत सरकार का एकमात्र मिशन, खाओ कमीशन रहा है. पूरे पांच साल झारखंड में विधि व्यवस्था सवालों के घेरे में रही. दो सब इंस्पेक्टर की हत्या हो गई. इन सभी सवालों के साथ हम झारखंड विधानसभा चुनाव में शामिल हुए हैं. ये सवाल भाजपा के नहीं झारखंड की आम जनता के हैं. मंत्री ने कहा कि हम ऐसे ही वादे नहीं करते, उसे गारंटी के साथ पूरा करते है.





उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो 21 लाख झारखंडियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुफ्त मकान का तोहफा देंगे. साल में दो सिलेंडर फ्री देंगे. इसके अलावा बाकी महीने पांच सौ रुपए में सिलेंडर देंगे. गोगो दीदी योजना के तहत 21 सौ रुपया प्रति माह राज्य की माता बहनों को देंगे. ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवकों को दो हजार प्रति माह बेरोजगारी भत्ता भाजपा की गारंटी योजना में शामिल होगी.

हेमंत ने नहीं दिया पांच लाख रोजगार, लेकिन हम देंगे

मंत्री ने कहा कि हेमंत सरकार ने युवा, महिला समेत सभी वर्ग को ठगने का काम किया है. उन्होंने वादा कर पांच लाख रोजगार नहीं दिया, लेकिन भाजपा की सरकार बनेगी तो हम पांच लाख युवाओं को रोजगार देंगे. सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए राज्य को विकसित बनाएंगे.

पार्लियामेंट्री कमेटी तय करेगी सीएम

राज्य में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, इस सवाल पर मंत्री ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है, यहां पार्लियामेंट्री कमेटी तय करेगी कि सीएम का चेहरा कौन होगा. झारखंड जनजातीय इलाका है, यहां का विकास भाजपा ही कर सकती है.

ओडिशा के सबसे कम उम्र के मंत्री हैं सूरज

सूरज सूर्यवंशी ओडिशा में सबसे कम उम्र के मंत्री हैं. महज 27 साल की उम्र में वे उपचुनाव में विधायक बने थे. इसके बाद आम चुनाव में पुनः जीतकर विधायक और मंत्री बने.



# अक्षय कुमार की फिल्म 'सरफिरा' और 'खेल खेल में' का ओटीटी पर दबदबा

यह फिल्म 13 देशों में शीर्ष 10 में ट्रेंड कर रही है

बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में से एक अक्षय ने लगातार ऐसी फिल्में दी हैं जो दर्शकों को पसंद आईं। उनकी हालिया रिलीज सरफिरा और खेल खेल में दोनों ही दर्शकों की पसंदीदा बन गई हैं। जुलाई में सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई सरफिरा ने 11 अक्टूबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग शुरू की और केवल एक सप्ताह के भीतर दर्शकों की संख्या में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया। खेल खेल का प्रीमियर अगस्त में बड़े पर्दे पर हुआ और 9 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हुई और धूम मचा दी। यह फिल्म 13 देशों में शीर्ष 10 में ट्रेंड कर रही है, जो अक्षय कुमार की व्यापक लोकप्रियता की पुष्टि करती है। आगे पैक्ड लाइनअप के साथ अक्षय जल्द ही स्काई फोर्स, हाउसफुल 5, वेलकम टू द जंगल और जॉली एलएलबी 3 में दिखाई देंगे। उत्साह को बढ़ाते हुए वह रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में सूर्यवंशी के रूप में अपनी प्रतिष्ठित भूमिका को दोहराएंगे, जो दिवाली पर रिलीज होगी।

## सारा अली खान और अमृता सिंह ने मुंबई में खरीदी करोड़ों की प्रॉपर्टी



एक्ट्रेस सारा अली खान और उनकी मां अमृता सिंह अक्सर चर्चा में रहती हैं। बेटी की ट्रिप की तस्वीरें या वीडियो खूब वायरल होते रहते हैं। अब दोनों को लेकर एक और अपडेट सामने आया है। उन्होंने मुंबई में करोड़ों की दो प्रॉपर्टी खरीदी है। यह प्रॉपर्टी मुंबई के अंधेरी इलाके में स्थित है। सारा अली खान और अमृता सिंह ने मुंबई के अंधेरी वेस्ट इलाके में कुल 22.26 करोड़ में दो ऑफिस खरीदे हैं और रियल एस्टेट में भी निवेश किया है। रिपोर्ट के अनुसार मां बेटी ने वीर सावरकर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में वीरा देसाई रोड पर स्थित सिग्नेचर बिल्डिंग में नौवीं मंजिल पर ये दो कार्यालय लिए हैं। इनमें से एक कार्यालय की कीमत 11.13 करोड़ रुपये है जिसके लिए 66.8 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया गया है। दोनों दफ्तरों का क्षेत्रफल करीब 2 हजार वर्ग फीट है। तीन पार्किंग स्थान भी उपलब्ध हैं। उन्होंने इस संपत्ति की रजिस्ट्री 10 अक्टूबर 2024 को कराई थी। जुलाई 2023 में दोनों ने उसी बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर 9 करोड़ में दूसरा ऑफिस लिया था। इसके लिए 41.01 लाख रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई गई। 2024 में सारा के माता-पिता अमृता सिंह और सैफ अली खान अलग हो गए। सारा का एक छोटा भाई इब्राहिम अली खान भी है जो जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान का परिवार चिंतित : अरबाज खान



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान का परिवार पिछले कुछ दिनों से उसकी सुरक्षा को लेकर काफी सतर्क हैं। 12 अक्टूबर को एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की बांद्रा ईस्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने कुछ आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आगे की जांच भी जारी है। बाबा सिद्दीकी सलमान खान के बहुत करीबी दोस्त थे। ऐसे में उनकी हत्या के बाद से सलमान खान का परिवार चिंतित है। इसके अलावा एक्टर को जान से मारने की धमकी भी मिली है। इन सबके बीच भाईजान के भाई अरबाज खान ने दिए इंटरव्यू में अपने भाई की सुरक्षा पर टिप्पणी की है। अरबाज खान ने कहा, ₹हम सब ठीक हैं लेकिन मैं ये नहीं कहूंगा कि सब कुछ ठीक चल रहा है। इस समय बहुत सारी चीजें हो रही हैं और जाहिर तौर पर हर कोई उनके सलमान बारे में बहुत चिंतित और परेशान है।₹ सलमान खान की सुरक्षा को लेकर पूरा परिवार किस तरह चिंतित है, इस बारे में बात करते हुए अरबाज कहते हैं, ₹फिलहाल हम एक परिवार के रूप में इस बारे में सोच रहे हैं कि हम सलमान के लिए सबसे अच्छा क्या कर सकते हैं। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार और पुलिस के मार्गदर्शन के अनुसार सलमान की सुरक्षा कैसे की जाए। फिलहाल हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा है।

### सलमान खान की सुरक्षा बढ़ाई गई

बाबा सिद्दीकी सलमान खान के बेहद करीबी थे। उनकी हत्या के बाद भाईजान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनके गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर और पनवेल में उनके फार्म हाउस पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सलमान को अगले कुछ दिनों तक घर से बाहर न निकलने की भी हिदायत दी गई है।

### बिग बॉस वीकेंड वॉर

पिछले शनिवार को बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान ने 'बिग बॉस' के 'वीकेंड का वार' की शूटिंग तुरंत रोक दी और लीलावती अस्पताल की ओर भागे। अब आने वाले समय में सलमान का शो में आने की संभावना बहुत कम है। उनकी जगह करण जौहर या फराह खान आने वाले वीकेंड में होस्ट बनकर आ सकते हैं।

## सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली ने लॉरेंस बिश्नोई को दिया मैसेज



राष्ट्रवादी पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या करने के जिम्मेदारी लेने के बाद गैंगस्टार लॉरेंस बिश्नोई फिर से सुर्खियों में है। बिश्नोई गैंग ने सलमान खान को दोबारा जान से मारने की धमकी दी है। बिश्नोई पहले भी कई बार सलमान को धमकाने की कोशिश कर चुका हैं। कुछ महीने पहले बिश्नोई गैंग ने सलमान के घर के बाहर हवाई फायरिंग भी की थी। आशंका जताई जा रही है कि अब बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद सलमान फिर से बिश्नोई गैंग के निशाने पर हो सकते हैं। सलमान के बाद भाईजान की एक्स गर्लफ्रेंड को भी बिश्नोई गैंग से धमकियां मिली हैं। इसी बीच सोमी अली ने बिश्नोई को एक खास संदेश दिया गया है। सोमी अली ने इंस्टाग्राम से एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में वह लॉरेंस को मैसेज करती हैं और उनसे वीडियो कॉल पर बात करने की इच्छा जाहिर करती हैं। ₹लॉरेंस बिश्नोई यह आपके लिए एक विशेष संदेश है। लॉरेंस भाई नमस्ते, मैंने सुना और देखा है कि आप जेल से जूम कॉल करते हैं... मैं भी आपसे बात करना चाहती हूं। कृपया मुझे बताएं कि यह कैसे संभव है? राजस्थान यह पूरी दुनिया की सबसे पसंदीदा जगह है। हम आपके मंदिर आना चाहते हैं, पूजा के लिए पर, पहले आपसे जूम कॉल हो जाए और कुछ बातें हो जाएं पूजा के बाद। फिर यकीन मानिए की ये आपके फायदे की बातें हैं। अपना मोबाइल नंबर दे दीजिए बड़ा एहसान होगा आप का। शुक्रिया। सोमी अली और सलमान कुछ समय तक रिलेशनशिप में थे। एक्ट्रेस ने सलमान पर गंभीर आरोप भी लगाए थे। सलमान

## कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' को मिला सेंसर सर्टिफिकेट, जल्द होगी रिलीज



कंगना रनौत की बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी को आधिकारिक तौर पर सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है, जिससे इस फिल्म के जल्द रिलीज होने का रास्ता साफ़ हो गया है। इस फिल्म ने काफी चर्चा बटोरी है, जिसमें कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। सोशल मीडिया पर खबर शेयर करते हुए कंगना रनौत ने ट्वीट किया, ₹हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमें अपनी फिल्म इमरजेंसी के लिए सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे। आपके धैर्य और समर्थन के लिए धन्यवाद। कंगना रनौत के साथ फिल्म की टीम अब फिल्म की रिलीज की तैयारी कर रही है और जल्द ही आधिकारिक तारीख की घोषणा करेगी। फिल्म में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फ़िल्म्स द्वारा निर्मित, फ़िल्म का संगीत संचित बलहारा और जी वी प्रकाश कुमार ने तैयार किया है, जबकि पटकथा और संवाद रितेश शाह ने लिखे हैं।

## राधिका आप्टे ने फैंस को दी खुशखबरी, रेड कार्पेट पर बेबी बंप के साथ पहुंचीं एक्ट्रेस



बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस राधिका आप्टे अपने पहले बच्चे को जन्म देने जा रही हैं। हाल ही में वे बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म 'सिस्टर मिडनाइट' की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं। वहां उन्होंने अपना बड़ा बेबी बंप दिखाकर सभी फैंस को हैरान कर दिया है।

राधिका आप्टे ने अपने बेबी बंप लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। लेकिन, उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी का जिक्र नहीं किया। उन्होंने अपनी पोस्ट को कैप्शन दिया, 'सिस्टर मिडनाइट यूके प्रीमियर, इन तस्वीरों में वह रेड कार्पेट पर फिल्म की कास्ट के साथ सोलो पोज देती नजर आ रही हैं। इस बार, राधिका ने काले रंग की ऑफ-शोल्डर मिडी ड्रेस पहनी थी। इन तस्वीरों के सामने आते ही एक्ट्रेस को बधाइयां और शुभकामनाएं मिलनी शुरू हो गई हैं। राधिका आप्टे ने 2012 में ब्रिटिश वायलिन वादक और संगीतकार बेनेडिक्ट टेलर से शादी की। मनोरंजन उद्योग में काम करने लंदन और मुंबई के बीच समय बिताने के बावजूद यह जोड़ी लो प्रोफ़ाइल में रहना पसंद करती है। 2011 में डांस सीखने के लिए राधिका लंदन चली गईं और दोनों दोस्त बन गईं। इसके बाद दोनों साथ रहने लगे। एक-दूसरे को डेट करने के कुछ सालों बाद 2012 को शादी के बंधन में बंध गए।

**राधिका आप्टे के काम के बारे में...**

राधिका को हाल ही में श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित और कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति अभिनीत फिल्म 'मेरी क्रिसमस' में एक कैमियो भूमिका में देखा गया था। राधिका वाईआरएफ एंटरटेनमेंट की रिवेंज थ्रिलर सीरीज 'अक्का' में भी नजर आएंगी। इस सीरीज़ का निर्देशन नवोदित लेखक-निर्देशक धर्मराज शेट्टी द्वारा किया जा रहा है। राधिका आप्टे की 'सिस्टर मिडनाइट' एक निराश और मानवद्वेषी नवविवाहित जोड़े की कहानी है। इस कहानी में दोनों की जिंदगी एक ऐसे मोड़ पर आती है, जहां कई चीजें अचानक बदल जाती हैं। इस फिल्म का निर्देशन करण कंधारी ने किया है। इसका प्रीमियर इस साल मई में कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था।

## महिला टी-20 विश्व कप: ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मैकग्राथ ने की दक्षिण अफ्रीका की तारीफ, कहा- उन्होंने अनुशासित गेंदबाजी की

एजेंसी

**दुबई :** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली 8 विकेट से हार के बाद 2024 टी20 विश्व कप से बाहर होने पर ऑस्ट्रेलिया की कार्यवाहक कप्तान ताहलिया मैकग्राथ ने कहा कि उनकी टीम ने कुछ रन कम बनाए। छह बार की चैंपियन टीम गुरुवार (17 अक्टूबर) को दुबई में पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से 8 विकेट से हारकर 2024 टी20 विश्व कप से बाहर हो गई।ग्रेस हैरिस और जॉर्जिया वेयरहैम के जल्दी आउट होने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने मजबूती से वापसी की और बेथ मूनी और मैकग्राथ ने सतर्क साझेदारी की। मूनी ने 42 गेंदों पर 44 रन बनाए जबकि मैकग्राथ ने 33 गेंदों पर 27 रन बनाए और दोनों ने मिलकर केवल तीसरे विकेट के लिए 55 गेंदों पर 50 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया पावरप्ले में केवल 35 रन और 10 ओवर में 53 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 134 रन बनाए।




**मैकग्राथ ने अपनी टीम को कम स्कोर पर रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका की अनुशासित गेंदबाजी को श्रेय दिया।**

मैकग्राथ ने कहा, शुरुआती बल्लेबाजी में हमें लगा कि यह काफी मुश्किल विकेट है। दक्षिण अफ्रीका ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और स्टंप पर हमला किया और गति को कम कर दिया और हमारे लिए इसे मुश्किल बना दिया, या हमें वास्तव में जोखिम उठाने पर मजबूर कर दिया। इसलिए शायद बल्ले से कुछ शॉर्ट रन दिए और फिर भी हमने सोचा कि हम खेल में बने रहेंगे। फिर भी हमने सोचा कि अगर हमने अच्छी गेंदबाजी की तो यह एक प्रतिस्पर्धी स्कोर होगा। लेकिन हाँ, उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए इसे काफी अच्छा विकेट बना दिया और हम अपनी योजना से थोड़ा हट गए। हम हर तरफ से थोड़े पीछे थे और एक ऐसी टीम के खिलाफ आए जिसने सब कुछ वास्तव में अच्छी तरह से अंजाम दिया। उन्होंने कहा, ₹हमने पाया कि गेंद बल्ले पर उतनी अच्छी तरह से नहीं आ रही थी जितनी हम चाहते थे। दक्षिण अफ्रीका ने वास्तव में अच्छी गति से गेंदबाजी की और जैसा कि मैंने कहा, उन्होंने हमारे लिए बहुत सीधी गेंदबाजी की। हमें लगा कि थोड़ा सा मजबूत होना चाहिए, कोशिश करनी चाहिए और स्ट्राइक रोटेट करनी चाहिए, पारी को आगे बढ़ाना चाहिए और फिर खेल को आगे बढ़ाना चाहिए। लेकिन उन्होंने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। हमने लगभग हर चीज की कोशिश की और हम लगातार संवाद कर रहे थे, लगातार एक योजना बनाने की कोशिश कर रहे थे। बस, हाँ, यह हमारे हिसाब से नहीं हुआ और हां शायद कुछ खिलाड़ियों के बाहर रहने से भी नुकसान हुआ। इसके विपरीत, दक्षिण अफ्रीका ने एनेके बॉश की 48 गेंदों पर 74* रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल की। लौरा वोल्वार्ड्ट (42) ने दूसरे विकेट के लिए बॉश के साथ 96 रनों की साझेदारी कर सहायक की भूमिका निभाई।

## अर्जुन एरिगैसी ने जीता डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स कप, फ्रांस के वचियर-लाग्रेव को हराया



**नई दिल्ली :** भारतीय ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव को हराकर 2024 डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स कप जीत लिया है, जिसमें उन्हें 20,000 यूरो का शीर्ष पुरस्कार और 27.84 एफआईडीई सर्किट अंक मिले। हालांकि, जीत के बावजूद एरिगैसी 2800 का आंकड़ा पार नहीं कर सके, क्योंकि उनके फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी ने क्लासिकल खेलों में लगातार दो ड्रॉ कराए। एरिगैसी को पता था कि उन्हें अपने करियर में पहली बार 2800 अंक पार करने के लिए अंतिम दिन क्लासिकल शतरंज में जीत हासिल करनी होगी। वैचियर-लाग्रेव ने अपने सभी क्लासिकल गेम ड्रॉ किए थे, लेकिन तीन में से तीन आर्मगेडन जीते थे, अर्जुन ने अपनी रणनीति पर कहा, मूल रूप से, मुझे लगा कि मुझे इसे क्लासिकल में ही खत्म करना चाहिए!

## विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक के कोच बने विम फिसेट

एजेंसी

**वारसॉ :** बेल्जियम के विम फिसेट विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विएटेक के कोच बन गए हैं। डब्ल्यूटीए फाइनल्स की तैयारी कर रहीं स्विएटेक ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में उक्त जानकारी दी। अक्टूबर की शुरुआत में, स्विएटेक ने कोच टॉमस विक्टरोव्स्की से नाता तोड़ लिया था। उन्होंने वुहान ओपन से यह बताते हुए नाम वापस ले लिया था कि वह अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव करने पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। स्विएटेक ने सियोल और बीजिंग में टूर्नामेंट भी मिस किए थे। उन्होंने आखिरी बार सितंबर की शुरुआत में खेला था, जब वह यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में जेसिका पेगुला से हार गई थीं। 23 वर्षीय स्विएटेक ने बयान में कहा,₹मैं विम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे लगता है कि उनका दृष्टिकोण, विजन बहुत अच्छा है, और उनकी अतिरिक्त संपत्ति टेनिस में उच्चतम स्तर पर विशाल अनुभव है। बेशक, एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानना हमेशा महत्वपूर्ण होता है, लेकिन हमारे सहयोग की शुरुआत बहुत अच्छी रही है। मैं प्रतिस्पर्धा में वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, ₹मैं वर्तमान में डब्ल्यूटीए फाइनल की तैयारी कर रही हूं, लेकिन मेरे करियर के बारे में मेरा दृष्टिकोण हमेशा दीर्घकालिक रहा है। मैंने कई बार उल्लेख किया है कि यह मेरे लिए मैराथन है, स्प्रिंट नहीं। मैं इसी सोच को ध्यान में रखते हुए काम करती हूं और निर्णय लेती हूं। फिसेट ने पहले एंजेलिक कर्बर और कई अन्य शीर्ष खिलाड़ियों के साथ काम किया है। जर्मन ने 2018 में उनके मार्गदर्शन में विंबलडन जीता। 44 वर्षीय ने नाओमी ओसाका के करियर को विकसित करने में भी मदद की, जिन्होंने 2020 में यूएस ओपन और 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता। फिसेट ने कहा, ₹मैं इगा के साथ काम करने और उनकी टीम में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित हूं। वह जिस निरंतर तीव्रता के साथ खेलती है और काम पर ध्यान केंद्रित करती है, उसके कारण वह कई महिला खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श हैं। मुझे उम्मीद है कि हम दोनों सुधार करेंगे और अपने खेल के सपनों को पूरा करने का प्रयास करेंगे।



## अर्जेंटीना के पेशेवर फुटबॉल क्लब सैन लोरेंजो के मैनेजर नियुक्त हुए मिगुएल रुसो

एजेंसी

**ब्यूनस आयर्स :** अर्जेंटीना के पेशेवर फुटबॉल क्लब सैन लोरेंजो ने गुरुवार को मैनेजर के रूप में मिगुएल रुसो के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। उनका करार दिसंबर 2025 तक होगा। रूसो ने लिआंड्रो रोमाग्नोली की जगह ली है, जिन्होंने पिछले रविवार को खराब नतीजों के बाद पद छोड़ दिया था। ब्यूनस



आयर्स क्लब ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, रूसो युग की शुरुआत हो चुकी है। क्लब ने 68 वर्षीय रूसो के पहले प्रशिक्षण सत्र का वीडियो फुटेज भी पोस्ट किया। रूसो, जो 2008 और 2009 में सैन लोरेंजो के ही मैनेजर थे, अगस्त में रोसारियो सेंट्रल से अलग होने के बाद से बेरोजगार थे। उनके नए कार्यकाल का पहला मैच रविवार को अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन में बैराकास सेंट्रल के खिलाफ घरेलू मुकाबला होगा।

## अपने पैर की चोट को लेकर हीली ने कहा-मेरे पास केवल एक ही मैच था और शायद मैंने गलत जोखिम उठाया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने खुलासा किया है कि टूर्नामेंट के बीच में उनके दोनों पैरों में प्लांटर फेशिआइटिस के फट जाने का मतलब है कि महिला टी20 विश्व कप 2024 के बाकी बचे मैचों में उनके पास केवल एक ही मैच बचा है, और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुरुवार को होने वाले सेमीफाइनल से बाहर होना उनके लिए गलत फैसला साबित हो गया। ऑस्ट्रेलिया की टी20 में बादशाहत, जो 2018 में कैरेबियाई देशों में खिताब जीतने के बाद से चली आ रही है, गुरुवार (17 अक्टूबर) को दुबई में पहले सेमीफाइनल में पिछले संस्करण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका के हाथों 8 विकेट से हार के साथ खत्म हो गई। हीली ने सेमीफाइनल से अपनी टीम के बाहर होने के बाद कहा, मेरे दोनों पैरों के प्लांटर फ़ेसिया फट गए, एक पूरी तरह से और दूसरा आंशिक रूप से फट गया। यह सिर्फ़ काम करने और दर्द का मामला था और आखिरकार, शायद, मेरे पास सिर्फ़ एक ही खेल बचा था। शायद दिन के अंत में मैंने ग़लत जोखिम उठाया। गुरुवार को जब दोनों टीमें 2023 विश्व कप फाइनल के री-मैच के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहुंचीं, तो हीली पहली खिलाड़ी थीं जो ऑस्ट्रेलियाई ड्रेसिंग रूम से बाहर निकलीं और उन्होंने फुल प्लेइंग किट और स्पाइक्स पहनकर पिच का निरीक्षण किया।

# जम्मू-कश्मीर कैबिनेट से राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पारित

एजेंसी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार को कैबिनेट की पहली बैठक में जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सरकार से राज्य का दर्जा बहाल करने की अपील की। सूत्रों की मानें तो प्रस्ताव का मसौदा तैयार कर लिया गया है और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आने वाले दिनों में दिल्ली आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह मसौदा सौंपेंगे। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने की, जिसमें उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी और मंत्री सकीना मसूद इटू, जावेद अहमद राणा, जावेद अहमद डार और सतीश शर्मा शामिल हुए। जेकेपीसीसी ( जेके प्रदेश कांग्रेस कमेटी ) अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने पत्रकारों से कहा कि हमारी पार्टी तब तक जम्मू-कश्मीर मंत्रिमंडल में शामिल नहीं होगी, जब तक कि राज्य का दर्जा बहाल नहीं हो जाता। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भरोसा जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगी। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी इस बारे में बात की है और आज भी सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने के भीतर राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है। मुझे यकीन है कि भारत सरकार जल्द ही इसे बहाल करेगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस अनुच्छेद 370 का मुद्दा उठाएगी या विधानसभा में इसके खिलाफ कोई प्रस्ताव पास करेगी, तो अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें अपनी दलीलें पेश करने के लिए अदालत में वापस लौटना होगा। लाल चौक का दौरा करते समय, अब्दुल्ला ने कहा कि सड़कों पर कोई वीआईपी संस्कृति नहीं होगी और लोगों को सायरन की आवाज से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यहां पर कोई वीआईपी नहीं है, चाहे वह स्थानीय हों या राजनीतिज्ञ, सभी समान हैं। आपको बताते चलें कि जम्मू-कश्मीर का पूर्व राज्य दर्जा 2019 में खत्म हो गया था। 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद जम्मू कश्मीर दो संघ शासित प्रदेशों, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया था।



## बिहार के युवक की शोपियां में हुई मौत, आतंकी हमले की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

**जम्मू :** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के वंदाना मलहोरा इलाके में आज एक गैर-स्थानीय व्यक्ति की लाश मिली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने लाश को देखा और उसे निकाला। पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को अस्पताल में भेज दिया गया जहां मेडिको-लीगल प्रक्रिया की जा रही है।

मृतक की पहचान अशोक चौहान, बिहार के निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने इस घटना का संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इस घटना के बाद से इलाके में तनाव है, और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।



## महाराष्ट्र में सीट बंटवारे से पहले ठाकरे और कांग्रेस में ठनी, बांद्रा पूर्व से उद्धव ने किया उम्मीदवार का ऐलान

एजेंसी

**मुंबई :** विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही महाराष्ट्र की राजनीति गरमाने लगी है। विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी के दो प्रमुख घटक दल कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बीच ठन गई है। हालांकि एमवीए में अभी तक सीट बंटवारे का फॉमूर्ला तय भी नहीं हुआ है लेकिन दोनों दल मुंबई की बांद्रा (पूर्व) सीट को लेकर आमने-सामने आ गए हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने मुंबई की बांद्रा (पूर्व) सीट से उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। उद्धव की शिवसेना ने कहा है कि वरुण सरदेसाई बांद्रा (पूर्व) विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि वरुण सरदेसाई आदित्य ठाकरे के मौसेरे भाई हैं। वरुण सरदेसाई पिछले 14 साल से युवा सेना में काम कर रहे हैं और आदित्य ठाकरे के बेहद करीबी लोगों में माना जाते हैं। वहीं शिवसेना ठाकरे की ओर से वरुण सरदेसाई के नाम का ऐलान करने किए जाने के बाद अब कांग्रेस के कई नेता नाराज हो गए हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस को सफलता मिली थी। 2019 में कांग्रेस के जीशान सिद्दीकी ने इस सीट से जीत हासिल की थी। वे यहां से मौजूदा विधायक हैं।



## पुलिस ने अवैध बालू लदे 16 वाहनों को किया जब्त

**छपरा :** सोनपुर थाना क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन का छापेमारी अभियान जारी है। इसी क्रम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 ट्रक और 2 पिकअप सहित कुल सोलह वाहनों को जब्त किया। इन वाहनों में अवैध रूप से बालू लदी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में नौ चालकों को भी गिरफ्तार किया। सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि शिवबच्चन चौक के पास और कुशवाहा चौक के पास चलाए गए छापेमारी अभियान में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की मुहिम का हिस्सा है।

पुलिस का कहना है कि वे अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखेंगे। इसी प्रकार मंगलवार को भी अवैध खनन के खिलाफ छापामारी के क्रम में सोनपुर थाना क्षेत्र के कुशवाहा चौक के पास अवैध बालू लदे दो पिकअप को पकड़ा गया तथा दो चालक एवं एक पासिंगकर्ता को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। राजनंदन ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन सख्त है। इसे लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जो भी इसमें लिप्त होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## लाइफ स्टाइल के लिए बहु-प्रतिक्षित जलसा एक्जीबिशन का आयोजन

मेट्रो रेज

**रांची :** जालसा यह नाम लाइफ स्टाइल एक्जीबिशन में देश-विदेश में बहुत प्रसिद्ध है। जलसा को शुरू करने और उसकी प्रेरणा टिम्सी आनंद की है। 2007 से जलसा की जर्नी शुरू हुई जो आज तक जारी है। जलसा एक्जीबिशन ग्लैमर और मनोरंजन से भरपूर होती है। टिम्सी आनंद हर एक्जीबिशन में खुद शामिल होकर इसे और उजागर करती हैं। जलसा घरेलु ब्रांडों के लिए जुडाव और प्रचार को बढ़ाने का एक मंच है। जलसा का मुख्य लक्ष्य उभरते हुए लाइफ स्टाइल डिजाइनर्स के लिए वफादार अनुयायी बनाना है। जालसा 'विभिन्न कलाकारों का उत्सव और उनके शिल्प कौशल को स्थापित करने में मदद करता है। जलसा विभिन्न एक्जीबिशन की प्रेरणा टिम्सी आनंद और रेशमा साहु द्वारा मिलकर जालसा को रांची में दोबारा प्रस्तुत किया जा रहा है। इस एक्जीशिन का रांची के लोगों को बेसब्री से इंतजार है। ये दोनों प्रेरणात्मक महिलाएं इस बात में रूचि रखती हैं कि वे विभिन्न कलाकारों का टैलेंट दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सकें। रेशमा साहु जो रांची में कई सामाजिक कार्यों से जुडी हुई हैं, एक स्टाइल आइकॉन भी मानी जाती है, चाहती थी कि वे रॉची के लोगों के लिए ऐक ऐसा एदमदार एक्जीबिशन लेकर आयें जिससे उनके लाईफ-स्टाइल पहनावे, वेडिंग ड्रेसेस एवं ज्वेलरी इत्यादि की जरूरतें एक मंच में पूरी हो जाएं।

रांची के लोगों द्वारा अपार स्नेह के बाद दूसरी बार जलसा रांची में आयोजित हो रहा है। जलसा का एक्जीबिशन 18 अक्टूबर, अपराह्न 03 बजे से रात्रि 10 बजे तथा-19 अक्टूबर, प्रातः 10 बजे से संध्या 06 बजे तक होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित किया गया है।




## बच्ची के साथ यौन शोषण मामले में सुरक्षा पर्यवेक्षक और क्लास टीचर गिरफ्तार

एजेंसी

**नोएडा :** नोएडा के सेक्टर 27 के एक नामी स्कूल के जूनियर विंग में एक बच्ची के साथ हुए यौन शोषण के मामले में पुलिस ने स्कूल के सुरक्षा पर्यवेक्षक और बच्ची की क्लास टीचर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया है कि जांच के दौरान जुटाए गए सबूतों के आधार पर स्कूल के कार्यालय प्रशासक और सुरक्षा पर्यवेक्षक दयामय महतो तथा पीड़िता बच्ची की क्लास टीचर मधु मेनघानी को घटना को छुपाने का दोषी पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले में तूल पकड़ लिया है। अब पीड़ित परिजनों ने सामाजिक संगठनों को पत्र भेजकर सहयोग मांगा है और मुख्य आरोपी के साथ स्कूल प्रबंधन पर भी कार्रवाई की मांग उठाई है। बच्ची के पिता ने नोएडा के सभी सामाजिक संगठनों को पत्र लिखकर सहयोग मांगा है। इस पत्र में बच्ची के पिता ने पूरे प्रकरण को विस्तार से बताया है। साथ ही स्कूल मैनेजमेंट पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता ने इस पूरे मामले को लेकर आरोपी कर्मचारी सहित स्कूल प्रशासन पर भी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



बच्ची के पिता ने पत्र में लिखा है कि मेरी छोटी बच्ची जो की महज तीन वर्ष सात माह की है। वह नोएडा के सेक्टर-27 स्थित नामी स्कूल के जूनियर विंग में पढ़ती है। सात अक्टूबर को स्कूल से आने के बाद उसने पेट में दर्द होने की शिकायत की। पूछने पर कुछ नहीं बताया और खाना खाकर सो गई। उसी दिन रात करीब आठ बजे के लगभग बच्ची ने पेट और प्राइवेट पार्ट में दर्द होने की शिकायत की। अगले दिन आठ अक्टूबर को बच्ची को डॉक्टर के पास ले गए। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ हुई है। कुछ जांच लिखी जो उसी दिन कराई गई। घर आने पर जब बच्ची की मां ने पूछा तो उसने आपबीती बताई। बच्ची ने बताया कि खाना देने वाले अंकल ने मेडिकल स्टोर में कुछ चुभाया, रोने पर मैम ने दरवाजा नॉक किया तो अंकल खिड़की से भाग गए। जब हमने पूछा कि कल क्यों नहीं बताया तो बच्ची बोली क्लास टीचर मैम डांट कर बोली थी कि मां को कुछ नहीं बताना। ये सभी बात बच्ची ने पुलिस को भी 10 अक्टूबर को बताई थी और घटना वाली जगह को भी दिखाया था।

पिता ने कहा कि पुलिस से नौ अक्टूबर को संपर्क किया। उसी दिन तो पुलिस ने काफी तत्परता दिखाई। 10 अक्टूबर को बच्ची के साथ हमें पुलिस स्कूल लेकर गई थी। हमने वहां स्कूल की जूनियर विंग की प्रिंसिपल और क्लास टीचर को बुलाने का अनुरोध किया तो शिक्षिका ने कहा कि उनकी क्या जरूरत है। स्कूल में बच्ची को कई तरीके से सभी स्टाफ की पहचान करवाई गई, लेकिन उसने एक व्यक्ति को ही बार-बार पहचाना। उसी आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

पिता का आरोप है कि पुलिस ने प्रिंसिपल से कहा कि अभी तक का कैमरों का फुटेज दे देना। इस पर प्रिंसिपल ने कहा कि 30 दिन तक का ही फुटेज मिल पाएगा। इस पर एसीपी ने कहा कि इतने दिन का ही दे दीजिएगा। अगले दिन स्कूल पहुंचे तो प्रबंधन ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। फुटेज देने के नाम पर शुरूआत में टालमटोल करते रहे तो बाद में सिर्फ 14 दिन की ही फुटेज देने की बात कहने लगे। यही नहीं घटना वाले स्थान का कोई वीडियो नहीं था। इससे पता चलता है कि स्कूल प्रबंधन सब कुछ जानते हुए भी घटना छिपाने का प्रयास करता आ रहा है।

इस मामले को लेकर एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया है कि इस मामले में अभी तक की विवेचना में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब दो और गिरफ्तारी हुई है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी जांच लगातार जारी है।

## गुरमीत राम- रहीम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका, अब बेअदबी मामले में चलेगा केस

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट गुरु गंथ साहिब की 'बीर' (प्रति) की चोरी, हस्तलिखित अपवित्र पोस्टर लगाने और बरगारी में बिखरे हुए पाए गए पवित्र ग्रंथ के फटे पन्नों से संबंधित घटनाएं 2015 में फरीदकोट में हुई थीं। द्वारा पहले जारी किए गए स्थगन आदेश को हटाते हुए, बेअदबी के कई मामलों में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह के खिलाफ मुकदमा चलाने का रास्ता साफ कर दिया है। हाई कोर्ट की रोक के कारण कई महीनों तक सुनवाई रुकी हुई थी, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट ने हटा दिया है। जिसके बाद अब कानूनी कार्यवाही आगे बढ़ सकती है।

गुरु गंथ साहिब की 'बीर' (प्रति) की चोरी, हस्तलिखित अपवित्र पोस्टर लगाने और बरगारी में बिखरे हुए पाए गए पवित्र ग्रंथ के फटे पन्नों से संबंधित घटनाएं 2015 में फरीदकोट में हुई थीं। इन घटनाओं के कारण फरीदकोट में विरोध प्रदर्शन हुआ था। अक्टूबर 2015 में प्रदर्शनकारियों पर पुलिस फायरिंग में बहबल कलां में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि फरीदकोट के कोटकपुरा में कुछ लोग घायल हो गए थे। बरगारी बेअदबी का संबंध डेरा सच्चा सौदा संप्रदाय के विवादास्पद प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह के साथ बाद में सामने आया। राम रहीम, जो विभिन्न विवादों में शामिल रहे हैं, पर कई सिख समूहों द्वारा बेअदबी के पीछे होने का आरोप लगाया गया था, हालांकि अब तक अदालत में कोई प्रत्यक्ष, निर्णायक लिंक साबित नहीं हुआ है।

बेअदबी मामलों की जांच के दौरान, डेरा सच्चा सौदा से कथित संबंध रखने वाले कुछ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था। कुछ गवाहों और जांच रिपोर्टों ने इस बेअदबी को अंजाम देने में डेरा अनुयायियों की संलिप्तता की ओर इशारा किया, जिससे राम रहीम की संलिप्तता के बारे में संदेह और बढ़ गया।



### न्यूज ब्रीफ

## जीओ का इंटेलिजेंट शॉपिंग कार्ट, खुद बना देगा बिल



**नई दिल्ली :** किराना स्टोर्स में बिल के लिए लगने वाली लंबी-लंबी लाइनों से अब छुटकारा मिल जाएगा और यह होगा शॉपिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल से। जियो की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस शॉपिंग कार्ट स्वंय ही खरीददारी का बिल बना देगी। रिलायंस जियो ने इस टेक्नोलॉजी को इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में प्रदर्शित किया है। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान है।

स्टोर में उपलब्ध इंटेलिजेंट शॉपिंग कार्ट सीधे बिलिंग डेस्क से जुड़ी होंगी। ग्राहक जो भी सामान कार्ट में डालेगा, उस सामान को कार्ट पर लगे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस कैमरे और स्कैनर कप्चर करके बिलिंग डेस्क को भेज देंगे और डेटा बेस से प्रोडक्ट का प्राइज निकाल कर बिल में जोड़ दिया जाएगा। गलती से शॉपिंग कार्ट में डाले गए प्रोडक्ट को अगर ग्राहक कार्ट से निकाल देता है तो उस प्रोडक्ट का प्राइस तुरंत बिल से स्वंय ही हट जाएगा। बिलिंग डेस्क ग्राहक की कार्ट का क्यूआर कोड स्कैन करेगा और आपका बिल पेमेंट के लिए तैयार हो जाएगा।

रिलायंस रिटेल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शॉपिंग कार्ट का पायलट प्रोजेक्ट हैदराबाद और मुंबई के कुछ चुनिंदा स्टोर्स में चला रही है। ग्राहकों से मिल रहे शानदार फीडबैक के चलते जल्द ही इसे अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सकता है। छोटे दुकानदारों के इलेक्ट्रानिक तराजू को भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ा जा सकेगा। इलेक्ट्रानिक तराजू पर मूंग की दाल रखने पर, यह न केवल दाल का तौल करेगा साथ ही उसपर लगे कैमरों से उसे पहचान भी लेगा। यानी किसी भी तरह के प्रोडक्ट को इलेक्ट्रानिक तराजू पर रखते ही उसका नाप-तौल और कीमत तुरंत पता चल जाएगी। तराजू के सामने शॉपिंग कार्ट की तरह का एक एरिया मार्क होगा जिसमें पैक्ड प्रोडक्ट को रखते ही उसकी कीमत भी बिल में जुड़ जाएगी।

## भगवान भोले नाथ पर कांग्रेस विधायक की आपत्तिजनक भाषा से गरमाई सियासत



**भोपाल:** मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल के भगवान शंकर को लेकर इस्तेमाल की गई आपत्तिजनक भाषा पर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने शिकायत दर्ज कराते हुए विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने कल शाम पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के नाम एक ज्ञापन भोपाल पुलिस आयुक्त कार्यालय में देकर श्योपुर से कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग की है।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कहा है कि विधायक बाबू जंडेल ने जानबूझकर, सोचसमझकर भगवान शंकर के करोड़ों भक्तों के साथ हिंदू धर्म की समस्त मातृशक्ति की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि हिंदू धर्म की करोड़ों माताएं-बहनें भगवान शंकर का व्रत, पूजन व स्तुति करती हैं। बाबू जंडेल का चरित्र महिलाओं के प्रति पूर्व में भी निंदनीय रहा है। विधायक बाबू जंडेल का एक वीडियो कल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें वे कथित तौर पर नशे में दिखाई दे रहे हैं और भगवान शंकर के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए सुनाई दे रहे हैं। ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मचे बवाल के बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा कि क्या सनातन का अपमान ही कांग्रेस का एजेंडा है। कांग्रेस की सनातन को खत्म करने की मानसिकता दिखाई देती है। कांग्रेस विधायक किस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। राहुल गांधी बताएं कि ये मुहब्बत की दुकान है या गाली की। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस से पूछना चाहता है कि क्या कांग्रेस गाली की दुकान बन गई है। सनातन को खत्म करना और हिंदू देवी देवताओं का लगातार अपमान करना ही क्या पार्टी का एजेंडा है। क्या राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे इससे सहमत हैं। कांग्रेस इसका जवाब दे या बाबू जंडेल के खिलाफ वो क्या कार्रवाई कर रही है, ये बताए।

## महिला पुलिस का पति शराब के साथ गिरफ्तार

**वैशाली :** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने स्टीकर लगी कार से शराब जब्त किया। कार से पुलिस को भारी मात्रा में विदेशी शराब मिला। गिरफ्तार युवक की पत्नी बिहार पुलिस में सिपाही बताई जाती है। घटना महनार थाना क्षेत्र की है, जहां पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस के जब स्टीकर वाली गाड़ी को चेक किया तो उसमें 535 लीटर विदेशी शराब मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जिसके बाद दो शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों कारोबारी की पहचान देसरी थाना क्षेत्र के रहने वाले अशोक प्रसाद के पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई है। जिसकी पत्नी जेल पुलिस औरंगाबाद में सिपाही के पद पर तैनात है। जिसके नाम पर गाड़ी है। वहीं दूसरे की पहचान हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के जढुआ निवासी राजू शर्मा के पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि दोनों पुलिस की स्टीकर लगी कार का प्रयोग दूसरे राज्यों से शराब की खेप मंगाने और पहुंचाने के लिए करते थे। जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ने के लिए चेकिंग लगाई थी। पूछताछ में उन्होंने बताया कि शराब को सिलीगुड़ी से शराब लेकर डिलेवरी देने समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी शराब का डिलेवरी देना जा रहा था। अब पुलिस दोनों से पूछताछ करने में लगी हुई है तो शराब सिंडिकेट को भी पुलिस खंगालने में लगी हुई है। वैशाली एसपी हरकिशोर राय ने कहा कि महनार थाने की पुलिस के द्वारा वाहन जांच किया जा रहा था। इसी दौरान दूसरा कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसके पास शराब बरामद हुआ।

न्यूज ब्रीफ

## ओमप्रकाश बने कोडरमा के युवा वाहिनी के उपाध्यक्ष



**ज्योति पाठक :** कोडरमा निवासी एवं युवा संगठनकर्ता ओमप्रकाश की विशेषता को देखते हुए उन्हें युवा वाहिनी भारत-युवा वाहिनी झारखण्ड के उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। अपने मनोनयन पर ओमप्रकाश ने कहा कि - उन्हें जो जवाबदेही सौंपी गई है उसका निर्वहन वो पूरी कर्मठता के साथ करेंगे।

## बोकारो निवासी रोहित कुमार को महासचिव मनोनीत किया गया



बेकारो जिला के युवा वर्ग में जानदार-शानदार और सशक्त पकड़ रखने वाले रोहित कुमार को युवा वाहिनी भारत-युवा वाहिनी झारखण्ड का युवा सचिव मनोनीत किया गया है इस पद पर मनोनयन के पश्चात रोहित कुमार ने कहा कि - उन्हें संगठन की ओर से जो दायित्व सौंपा गया है उसका निर्वहन वो पूर्ण रूपेण करेंगे वहीं युवा वाहिनी भारत-युवा वाहिनी झारखण्ड के अध्यक्ष अधिवक्ता आयुष मिश्रा ने कहा कि - रोहित कुमार के युवाओं के प्रति लगाव और संगठन के लिए उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि रोहित कुमार अपनरे दायित्व का निर्वहन भलीभांति करेंगे।

## उलीडीह में युवक को गोली मारने वाले अपराधी धराए, भेजा जेल

**जमशेदपुर :** मानगो के उलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत केंदुकोचा स्वर्णरेखा नदी किनारे बिरसा खालको नामक युवक को गोली मारने वाले अपराधकर्मी सोनू सिन्हा एवं कर्मदेव शर्मा उर्फ कर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्तौल बरामद किया. साथ ही एक जिंदा गोली भी उनके पास से मिली है. मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी ने बताया कि घायल एवं हमलावर एक ही मुहल्ले के रहने वाले हैं तथा पूर्व से परिचित हैं. उन्होंने बताया कि मनीष यादव एवं बिरसा खालको के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है.

बिरसा खालको द्वारा बकाया पैसा मांगने पर मनीष यादव और उसके दोस्त सोनू सिन्हा से उसका झगड़ा हो गया. इस दौरान दोनों में हाथापायी होने लगी. इसमें बिरसा खालको को सोनू सिन्हा ने गोली मारकर घायल कर दिया. गौरतलब हो कि इस घटना में बिरसा खालको के मित्र करण आचार्य को भी निशाना बनाया गया, लेकिन गोली उसके पैर को छूकर निकल गई. दोनों को चिकित्सा के लिए एमजीएम अस्पताल में दाखिल कराया. करण आचार्या को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे गई, जबकि बिरसा खालको को बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर कर दिया गया था.

## पश्चिमी सिंहभूम जिला में चलाया जागरूकता अभियान

**चाईबासाः** पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला अंतर्गत स्वीप गतिविधि के तहत जागरुकता अभियान गुरुवार को चलाया गया। मतदाताओं की वृहद भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु को जिले के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी के माध्यम से पश्चिम सिंहभूम जिले में 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की।

## गोली चलाने के एक आरोपी गिरफ्तार, पिस्तौल बरामद

**चाईबासा :** चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र के टीओपी चौक के समीप मोबाइल रिपयेरिंग दुकान में जान मारने की नीयत से गोली चलाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त कपाली ओपी क्षेत्र के डांगोडीह, रहमत नगर, फिरदौसिया मस्जिद के पास का रहने वाला 24 वर्षीय मोबारक अंसारी है। इसकी जानकारी जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत ने दी। गुरुवार को चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने बताया कि कपाली टीओपी चौक, प्रशांत मेडिकल के बगल में स्थित अमन मोबाइल रिपयेरिंग दुकान में चार अक्टूबर को मो। तौशीफ व काले रंग के मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य लोगों ने मोबाइल दुकानदार मो। हमीद अली के साथ मारपीट कर जान मारने की नीयत से पिस्तौल तान दिया गया था। खींचातानी के क्रम में गोली चल गई थी और पिस्तौल टूट गया था। इस संबंध में मो। हमीद अली के लिखित आवेदन के आधार पर कपाली ओपी में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को उस वक्त घटनास्थल से एक जिंदा गोली, जिसके पीछे केएफ 7 l65 अंकित है, बरामद हुआ था। इसके साथ ही लोहे के तार का बना काला रंग का स्प्रिंग और लोहे का बना दो टुकड़ा को जब्त किया गया था, जो देखने से किसी मैगजीन का टूटा हुआ भाग प्रतीत होता है।

## विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया एफएलएन किट

**जमशेदपुर :** खांडामौदा अंतर्गत केसीसी स्कूल में गुरुवार को वर्ग एक से पांच तक के छात्र- छात्राओं को एफएलएन किट एवं बैग का वितरण किया गया। पहली, दूसरी एवं तीसरी कक्षाओं के लिए पाठ्य सामग्री स्लेट, चॉक, नोटबुक, वर्कबुक, पेंसिल, रबड, कटर, कलर पेंटिंग की सामग्री, ड्राइंग बुक, टूल बॉक्स आदि का वितरण किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को सरकार की ओर से दी गयी सामग्री के बारे में जानकारी दी। बच्चों को प्रतिदिन बैग के साथ स्कूल आने की नसीहत दी गयी। स्कूल के प्रधान अध्यापक सच्चिदानंद सतपति ने बताया संकुलवार विद्यालयों को स्कूल बैग एफएलएन किट का वितरण किया गया। साथ ही बताया कि मार्च में वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद अप्रैल के प्रथम सप्ताह से ही स्कूली बच्चों के बीच नए सत्र के किताब का भी वितरण शुरू कर दिया जाएगा।

## प्लांट हेड का स्वागत नहीं कर पाया कान्वाई संगठन

**जमशेदपुर :** टाटा मोटर्स कान्वाई संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी का स्वागत करने के लिए टाटा मोटर्स एक नंबर गेट स्थित विजिटर कार्यालय पहुंचा। टाटा मोटर्स के सुरक्षा विभाग ने प्रतिनिधिमंडल को रोक दिया। इसको कान्वाई संगठन ने अनुचित बताया। प्रतिनिधियों ने कहा कि कान्वाई संगठन प्लांट हेड का स्वागत करने के साथ अपनी बात रखने के लिए पहुंचा था, कोई प्रदर्शन करने के लिए नहीं। जब यह सच्चाई प्लांट हेड के सुरक्षा पहरी,अधिकारियों को पता चली तब जाकर अधिकारी कान्वाई संगठन के प्रतिनिधियों से मिले।

# चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में शशिभूषण सामड का नाम तय होने के साथ ही भाजपाईयों में हर्ष व्याप्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशीयों के रूप में पूर्व विधायक शशिभूषण सामड का नाम लगभग तय हो जाने के पश्चात उनके समर्थकों और भाजपा में हर्ष व्याप्त है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि श्री सामड प्रारंभ से ही जनता के बीच और पार्टी के मजबुती हेतु निरंतर जुटे रहें और जनसमस्याओं को जानने के साथ ही उसके निराकरण हेतु भी उनके द्वारा किये जाने का ही यह परिणाम है कि वे चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को काफी जनाधार और दमदार बनाया है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी पहचान रखने वाली भारतीय जनता पार्टी चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान रखती है और इसी का यह परिणाम है कि विगत कई वर्षों से पार्टी को मजबुती और जनाधार बढ़ाने वाले आम लोगों के बीच लोकप्रिय रहने वाले शशिभूषण सामड का नाम भाजपा के द्वारा तय किया गया है जिसके फलस्वरूप अब बस उनके नाम की घोषणा ही बची है और श्री सामड के समर्थकों में व्यापत हर्ष देखा जा रहा है।





## मांडर में सड़क दुर्घटना, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**मांडर।** थाना क्षेत्र के मांडर बुढ़मू मार्ग में दुमदुमिया टोंगरी के निकट सड़क दुर्घटना में 3 व्यक्ति घायल हो गए। घटना गुरुवार दिन के 10:30 बजे की है। घायलों की पहचान 18 वर्षीय सुमित खलखो, 23 वर्षीय अनुज खलखो एवं 25 वर्षीय बिपिन खलखो के रूप में हुई है,तीनों व्यक्ति मांडर प्रखंड के ही कटचाचो गांव के रहने वाले हैं।

जानकारी के अनुसार सुमित अनुज और बिपिन किसी काम से कंजिया गए हुए थे वापस घर लौटने के क्रम में दुमदुमिया टोंगरी के निकट उनके सामने अचानक एक बकरी आ गई जिससे मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों घायलों को मांडर के रेफरल अस्पताल पहुंचाया। जहां उनके प्राथमिक उपचार के बाद अनुज एवं बिपिन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिए गया और सुमित की स्थिति स्थिर देखते हुए उसे घर भेज दिया गया।

## सरवा नवटांड़ गांव में बिजली संकटः डेढ़ महीने से ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण परेशान



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** मांडर प्रखंड के सरवा पंचायत अंतर्गत सरवा नवटांड़ गांव के लोग पिछले डेढ़ महीने से बिजली संकट से जूझ रहे हैं। गांव का ट्रांसफार्मर कई महीनों से खराब पड़ा है, जिससे गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों ने खुद पहल करते हुए 20 सितंबर 2024 को ट्रांसफार्मर को मिस्त्री बुलाकर ळफ्ह ऑफिस में जमा किया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। बिजली के अभाव में ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। फसलें सूख रही हैं, छोटे रोजगार बंद पड़े हुए हैं, और रोजमर्रा के कामकाज में कठिनाई हो रही है। बार-बार शिकायतें करने के बावजूद विद्युत विभाग के कर्मचारियों की निष्क्रियता और असंवेदनशीलता ने ग्रामीणों में गुस्सा भर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत कर्मचारी अपने ऑफिस के एसी में आराम कर रहे हैं, जबकि स्थानीय मिस्त्री ट्रांसफार्मर की मरम्मत में सुस्ती बरत रहे हैं।

गांव के लोग अब मजबूर होकर विद्युत पावर हाउस का घेराव करने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि ऊपर के अधिकारी भी सुधार कार्य में कोई दबाव नहीं डाल रहे हैं, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की मरम्मत की जाए और बिजली की आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि उनकी फसलों और छोटे रोजगारों को बचाया जा सके।

# भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करवाने को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के संयुक्त अध्यक्षता में जिला अंतर्गत निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 संपन्न करवाने के तदर्थ जिला समाहरणालय स्थित सभागार में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया,बैठक में वरीय पदाधिकारी के द्वारा क्षेत्र अंतर्गत आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, विधि व्यवस्था, मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधा की स्थिति, क्लस्टर चयन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम गठन, सेक्टर मैपिंग, रूट चार्ट, ट्रेन मूवमेंट सहित अन्य बिंदुओं से संबंधित प्रतिवेदन का बिंदु बार विस्तृत जायजा लिया गया, इसके अलावा बैठक में पोलिंग पार्टी मूवमेंट, सुरक्षा व्यवस्था का संधारण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संलग्न पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया,




बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत चुनाव संपन्न करवाने के लिए मतदान कर्मी को मतदान दिवस के दो दिन पूर्व एवं मतदान तिथि से 1 दिन पूर्व रवाना किया जाता है तथा उनकी वापसी मतदान तिथि के दिन शाम से प्रारंभ होकर मतदान तिथि के अगले दिन तक जारी रहता है, इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों व थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा गया कि सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने अपने प्रभाव क्षेत्र में मतदान केंद्र सहित क्लस्टर पॉइंट पर सभी आवश्यक सुविधा सहित रूट लाइन का भौतिक निरीक्षण अपने स्तर से पूर्ण कर लें, साथ ही इस दौरान कमोबेश किसी भी तरह की कमी दृष्टिगोचर होती है तो अविलंब उसे दुरुस्त करवा लें, उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत संचालित चेकनाका का प्रभावी क्रियान्वयन एवं क्षेत्र अंतर्गत विधि व्यवस्था का बेहतर संधारण के अलावा मतदान कार्य से संबंधित सभी निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे, किसी भी स्तर पर कर्तव्य हीनता को स्वीकार नहीं किया जा सकता है, बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा कहा गया कि भौगोलिक बनावट तथा सुरक्षा दृष्टिकोण से जिला में निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण माहौल में चुनाव कार्य संपन्न करवाना उपस्थित सभी पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण दायित्व है, हम सभी के लिए जरूरी है कि चुनाव कार्य के दौरान सजगता एवं तत्परता के साथ अपने कार्यों का निष्पादन करें और क्षेत्र अंतर्गत सभी संवेदनशील स्थानों का नियमित अनुसरण के अलावे अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें,

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक पारस राणा, सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा, नोडल पदाधिकारी विधि व्यवस्था कोषांग, आचार संहिता कोषांग, सभी निवार्ची पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे,

# झारखण्ड के प्रख्यात मधुमेह व थायराइड विशेषज्ञ डॉक्टर सौम्य सेन गुप्ता हुए सम्मानित

## झारखण्ड व चाईबासा का नाम किया गौरवान्वित

**बिनय मिश्रा**

झारखण्ड के मधुमेह एवं थायराइड विशेषज्ञ के रूप में प्रख्यात चिकित्सा के डॉक्टर सौम्य सेन गुप्ता पुनः एक बार सम्मानित हुए और उन्हें उपाधि भी मिला डॉक्टर सौम्य सेन गुप्ता अपने बेहतर चिकित्सा पद्धति और समुचित चिकित्सा सुझाव के कारण पूरे राज्य में काफी प्रख्यात है तथा देश के विभिन्न राज्यों में होने वाले चिकित्सा शिविर में भी इन्हें आमंत्रित किया जाता है। इनके बेहतर कार्यप्रणाली और सरल ईलाज पद्धति के कारण इन्हें पुनः एक बार सम्मानित किया गया है ऐसे चिकित्सक से झारखण्ड के साथ-साथ पश्चिम सिंहभूम भी काफी गौरव महसूस कर रहा है। कहते हैं चिकित्सा हो बेहतर तो लोगों को होता है काफी सुविधा और इलाज में सहूलियत सरल तरीके से इलाज और बेहतर उपचार के कारण डॉक्टर सौम्य सेन गुप्ता काफी लोकप्रिय चिकित्सा के रूप में पहचाने जाते हैं। इनके सम्मानित होने से एक और जहां चिकित्सा जगत काफी गौरव महसूस कर रहा है वहीं लोगों का मानना है कि ऐसे चिकित्सक प्रेरणा स्त्रोत हुआ करते हैं।




## आदित्यपुर के ऑटो क्लस्टर में दो दिवसीय लिटरेचर फेस्टिवल

**जमशेदपुर :** द लैंड ऑफ छऊ के नाम से देश दुनिया में चर्चित झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिला में आगामी 18 और 19 अक्टूबर को लिटरेचर फेस्टिवल ह्र्छापह्व का आयोजन किया जा रहा है. सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे इस लिटरेचर फेस्टिवल का उद्देश्य जिले की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने के साथ युवाओं और बच्चों को कला संस्कृति और किताबों से जोड़ना है. आयोजन की रूपरेखा तैयार करने में साहित्य कला फाउंडेशन की अहम भूमिका रही है.

# सूर्यसिंह बेसरा घाटशिला से लडेंगे चुनाव

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**घाटशिला :** झारखंड नवनिर्माण महासभा-जनमत की ओर से झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक सूर्यसिंह बेसरा घाटशिला से चुनाव लड़ेंगे। शुक्रवार को नामांकन के लिए पर्चा खरीदेंगे और 24 अक्टूबर को नामांकन करेंगे। श्री बेसरा ने बताया कि वे पहले दो सीट घाटशिला और पोटका से चुनाव लड़ने वाले थे। लेकिन जनमत गठबंधन ने काफी सोच विचार करने के बाद घाटशिला विस को ही अंतिम मुहर लगाया। क्योंकि घाटशिला में झारखंड पीपुल्स पार्टी व जनमत गठबंधन की जमीनी स्तर पर मजबूत पकड़है।

उन्होंने कहा कि राज्य की जनता वर्तमान समय में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच पसोपेश में हैं। राज्य की जनता यहां विकल्प तलाश रही है। बीजेपी, कांग्रेस व झामुमो की कथनी व करनी दोनों देख चुके हैं। श्री बेसरा ने बताया कि पूर्वी जमशेदपुर विस से झापीपा के केंद्रीय प्रवक्ता सह कोल्हान प्रभारी माधवेंद्र मेहता चुनावी मैदान पर उतर रहे हैं। पूर्वी जमशेदपुर में उनकी पार्टी की मजबूत जनाधार है। साथ ही आदिवासी-मूलवासी समाज के लोगों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। जल्द ही जुगसलाई व पोटका सीट के लिए प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी जायेगी। फिलहाल प्रत्याशियों के नाम पर केवल अंतिम मुहर लगाना बाकी रह गया है।

# समर्थकों के साथ रांची पहुंचे जगत माझी, मनोहरपुर सीट से टिकट की दावेदारी की

**चाईबासाः** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी के पुत्र झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता जगत माझी ने मनोहरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से ताल ठोंक चुनावी समर में कूद गए हैं. गुरुवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ रांची पहुंचे जगत माझी ने मनोहरपुर सीट से बतौर झामुमो उम्मीदवार अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है. उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर 51 हजार रुपये की पर्ची कटाई. झारखंड मुक्ति मोर्चा में जिन प्रत्याशियों को टिकट की चाह होती है, उन्हें सबसे पहले पार्टी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन देना पड़ता है.

आवेदन जमा करने के साथ ही 51 हजार रुपये की फीस भी पार्टी फंड में जमा करनी पड़ती है. दावेदारी पेश करने के बाद जगत माझी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का सबको समान अधिकार है. मैंने मनोहरपुर से अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में दे दिया है. पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा. मनोहरपुर से पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसकी जीत सुनिश्चित करेंगे. दावेदारी पेश करने के बाद जगत माझी ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया.



इस मौके पर गोइलकेरा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनसुख गोप, गुदड़ी प्रखंड अध्यक्ष सुनील बुढ, बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान, रोलेन बरजो, संजीव गंताईत, सुरेश सुरीन, बंधना उरांव, उदय माझी, संतोष मिश्रा, हेमचंद महतो, दिनेश गुप्ता, प्रिंस खान, सागर महतो, बजरंग प्रसाद, बिट्टू महतो, दुनु लोमगा, राजेंद्र चाम्पिया, पवन गुप्ता, गोयरा रुगु, देवेन चातर, इमरान खान, अजय कच्छप, अशोक प्रधान, पवन गुप्ता समेत दर्जनों समर्थक पहुंचे थे.